


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 226

ग्वालियर, शुक्रवार 06 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## साउथ मुंबई मस्जिदों के मौलाओं का अहम फैसला, 26 मस्जिदों के बिना लाउडस्पीकर होगी अजान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के के लेकर जारी विवाद के बीच मुंबई के मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अहम फैसला लिया है। मुंबई में अब सुबह की अजान बिना लाउडस्पीकर के होगी।



बुधवार देर रात साउथ मुंबई की करीब 26 मस्जिदों के धर्मगुरुओं ने बैठक की। बैठक में फैसला लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट आदेशों का पालन किया जाएगा और सुबह की अजान बिना लाउडस्पीकर के होगी। साउथ मुंबई की %सुन्नी बड़ी मस्जिद% में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने यह बैठक की। बैठक में भायखला के मदनपुरा, नागपाड़ा और अग्रीपाडा इलाके के मुस्लिम धर्मगुरु भी शामिल हुए। धर्मगुरुओं ने बैठक में तय किया कि कोर्ट के फैसले के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इन इलाकों में लाउडस्पीकर पर कोई अजान नहीं होगी। इस बैठक का असर गुरुवार सुबह देखने को मिला। गुरुवार सुबह मुंबई की मशहूर मिनारा मस्जिद में सुबह की अजान बिना लाउडस्पीकर के हुई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना पार्टी प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर 4 मई से मस्जिदों के बाहर अजान हुई तो वहां हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इससे पहले राज ठाकरे ने औरंगाबाद में भाषण के दौरान भी लाउडस्पीकर विवाद को लेकर चेतावनी दी थी। इस मामले में उनके खिलाफ औरंगाबाद में एक स्नढ्ढक्रभी दर्ज की गई थी, जिसमें उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग न किया जाए।

# वेस्ट यूपी में आंधी-बारिश का कहर 11 की मौत

**मेरठ।** पश्चिमी यूपी में अचानक मौसम बदल गया। बदायूं में तेज आंधी के चलते पेड़ और दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं, शाहजहांपुर में खंभा गिरने से एक वृद्धा चपेट में आ गई। उधर, आगरा, मेरठ और सहारनपुर मंडल सहित वेस्ट यूपी में तेज आंधी और बारिश लोगों पर कहर बनकर टूटी। अलग-अलग शहरों में पेड़, बिजली का खंभा और आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। बरेली में आंधी से हर तरफ धूल का गुबार दिखा। बाद में बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। बदायूं जिले में शाम करीब छह बजे बादल घिर आए। थोड़ी ही देर में आंधी चलने लगी। अलापुर थाना क्षेत्र के अठर्राकुनिया गांव में आम बीनने गए बालक पर पेड़ गिर गया। उसकी मौत हो गई। वहीं कुतराई गांव में दीवार गिरने से आठ वर्ष के मासूम ने दम तोड़ दिया। उधर, शाहजहांपुर में जैतीपुर के अली अकबरपुर नवादा में आंधी के कारण खंभा गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। आंधी से बिजली के सैकड़ों खंभे टूट गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से खट्टा प्रहलादपुर और मवीखुर्द गांव में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। तीन लोग



घायल हो गए। कासगंज में पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आकर दो की मौत हो गई। कई स्थानों पर ओले भी पड़े। बुधवार दोपहर तक मेरठ में तेज गर्मी और उमस से बुरा हाल था। तीन बजते ही मौसम का मिजाज बदलना शुरू हुआ और बादल छाने शुरू हो गए। पांच बजते ही आंधी की शुरुआत हुई। इसके बाद तेज आंधी का दौर शुरू हुआ। छह बजे तक मेरठ सहित वेस्ट यूपी के अधिकांश हिस्सों को अंधड़ ने अपनी चपेट में ले लिया। तेज अंधड़ से मेरठ के विभिन्न इलाकों में पेड़ धराशायी होकर सड़क पर गिर पड़े। सड़क किनारे लगे होर्डिंग उखड़कर दूर जा पड़े। इसके बाद मेरठ में आंधी के साथ ही तेज बारिश ने दस्तक दी। रात आठ बजे तक मेरठ में बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई।

## सांबा इलाके में मिली सुरंग, बीएसएफ ने लगाया पता

**जम्मू।** जम्मू के सांबा इलाके में बाड़ के पास सामान्य क्षेत्र में एक संदिग्ध सुरंग मिली है। बीएसएफ ने सुरंग का पता लगाया है। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकियों की तरफ से अमरनाथ यात्रा पर हमले की साजिश रची गई थी, इसकारण सुरंग का निर्माण किया था। बीएसएफ के मुताबिक अमरनाथ यात्रा को बाधित करने के लिए आतंकियों की ये साजिश थी, इस सेना ने विफल कर दिया गया। बीएसएफ का कहना है कि डेढ़ साल में पांचवीं बार सुरंग मिली है। सांबा में जिस सुरंग का पता चला है, वह पाकिस्तान की ओर से 150 मीटर तक खोदी गई थी। इसके रास्ते आतंकी घुसपैठ की साजिश रची जा रही थी। सुरंग के द्वारा आतंकी भारत में दाखिल होने की कोशिश करते हैं। इस समय जमीन पर सुरक्षाबलों की कड़ी सतर्कता की वजह से आतंकी अलग अलग तरीकों से जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे हैं। सुरक्षाबलों को कहना है कि सुजवां एनकाउंटर के बाद पूरे इलाके में सघन जांच जारी है। बता दें कि इंटरनेशल बॉर्डर से लगे कई इलाकों में इससे पहले सुरंगे मिलती रही हैं।

## पीके का ऐलान, पार्टी नहीं बनाऊंगा, बिहार में राजनीतिक बदलाव के लिए 3000 किलोमीटर की पदयात्रा करूंगा

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को लेकर पिछले कई दिनों से कयासों का दौर जारी था। दावा किया जा रहा था कि पीके अपनी नए राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। हालांकि पीके ने




गुरुवार को इस पर विराम लगा दिया। पीके ने ऐलान कर दिया है वह फिलहाल कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि बिहार में राजनीतिक बदलाव के लिए 3000 किलोमीटर की पदयात्रा करूंगा, जिसकी शुरुआत चंपारण से होगी। हालांकि प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं 17000 से ज्यादा लोगों से बात करूंगा। अगर पार्टी बनाने के लिए वे तैयार हुए, तब इस पर विचार होगी, लेकिन यह पार्टी सिर्फ मेरी नहीं बल्कि सभी की होगी। पीके ने कहा कि बिहार आज 30 साल के लालू और नीतीश के राज के बाद भी देश का सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य है। विकास के कई मानकों पर बिहार आज भी देश के सबसे निचले पायदान पर है। बिहार अगर आने वाले समय में अग्रणी राज्यों की सूची में आना चाहता है,तब इसके लिए नई सोच और नए प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार में इसतरह के लोग जिनमें यहां की समस्या को सुलझाने की क्षमता है, बिहार को बदलने का जज्बा है उन लोगों को एक साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने बताया कि अगर हम पार्टी बनाने की तरफ बढ़ते भी है, तब वहां प्रशांत किशोर की पार्टी नहीं होगी...अगले 3-4 महीनों में हमने बिहार में जिन 17-18 हजार लोगों को चिन्हित किया है, वे साथ में आकर तय करते हैं, कि पार्टी बनाने की जरूरत है, तब उस समय ये फैसला लिया जाएगा। 2 अक्टूबर से मैं स्वयं पश्चिमी चंपारण गांधी आश्रम से 3000 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू करूंगा..।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में बीएसएफ की अस्थाई सीमा चौकियों का किया उद्घाटन

**कोलकाता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह टीएमसी नेता सीएम ममता बनर्जी के अभेद किले पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पहुंचे, जहां वह भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह भारत बांग्लादेश सीमा पर अग्रिम



इलाकों पर भी जाएंगे। शाह के कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेन्दु अधिकारी और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने उनकी अगवानी की। गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हिंगालगंज में गुरुवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अस्थाई सीमा चौकियों का उद्घाटन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री राज्य में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल आए हैं। हिंगालगंज शिविर में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। शाह दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे। वह भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वह भारत बांग्लादेश सीमा पर अग्रिम इलाकों पर भी जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री गुरुवार को हरिदासपुर में 'मैत्री संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे और सिलीगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## राज ठाकरे को अयोध्या में नहीं घुसने दूंगा: भाजपा सांसद



### पहले उत्तर भारतीयों से माफी मांगे

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सासंद बृजभूषण शरण सिंह ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे को अयोध्या में नहीं घुसने देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि अयोध्या आने से पहले राज ठाकरे को उत्तर भारतीयों से हाथ जोड़कर माफी मांगें। इतना ही नहीं उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी सलाह दी है कि जब तक राज ठाकरे माफी नहीं मांग लेते उनसे मुलाकात नहीं करनी चाहिए। सांसद ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से ठाकरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। राज ठाकरे 5 जून को अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के लिए आने वाले हैं।

कैसरगंज से सांसद सिंह ने गुरुवार को एक के बाद एक ट्वीट से राज ठाकरे पर हमलाकर उत्तर भारतीयों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए माफी की मांग की। उन्होंने ट्वीट किया, %%उत्तर भारतीयों को अपमानित करने वाले राज ठाकरे को अयोध्या की सीमा में घुसने नहीं दूंगा। अयोध्या आने से पहले सभी उत्तर भारतीयों से हाथ जोड़कर माफी मांगे राज ठाकरे। सांसद सिंह ने सीएम योगी को भी ठाकरे से ना मिलने की सलाह देकर लिखा, जब तक राज ठाकरे सार्वजनिक रूप से उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांग लेते मेरा आग्रह है, तब तक मुख्यमंत्री योगी जी को राज ठाकरे से नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने राममंदिर आंदोलन में ठाकरे परिवार की भूमिका को नकारते हुए कहा, राम मंदिर आन्दोलन से लेकर मंदिर निर्माण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद और आमजन की ही भूमिका रही है। ठाकरे परिवार का इससे कोई लेना देना नहीं।

## गुजरात में हथियारों का जखीरा बरामद

**कच्छ।** गुजरात पुलिस की एटीएस को बड़ी कामयाबी मिली है। हथियार खरीद बेचने के के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। साथ ही मौके से हथियारों का जखीड़ा बरामद किया है। अब तक 52 हथियार पकड़े गए हैं। मध्यप्रदेश के धार से हथियार सौराष्ट्र लाए जा रहे थे। इनमें सबसे अधिक पिस्टल हैं। सुरेंद्रनगर और बोटाद में इसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। एटीएस ने 15 से अधिक लोगों को पकड़ा है। और भी लोगों की भूमिका सामने आई है। इस गैंग में शामिल लोग सौराष्ट्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की फिराक में थे। गुजरात एटीएस इस गैंग के तह तक जाने का इरादा लिए जांच में जुट गई है। इससे एक दिन पहले गुजरात में कच्छ जिले के दो क्षेत्रों में दो दिनों में समुद्र किनारे से 27 लाख रुपये कीमत की चरस बरामद की गयी है।

## खास खबर

### दिल्ली में एमसीडी ने अवैध मीट की दुकानों पर की कार्रवाई 14 दुकानें सील



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। इसी क्रम में बुधवार को उत्तरी दिल्ली के कई इलाकों में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर गरजा। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास अवैध कब्जे हटाए गए। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। अभियान के दौरान मीट की 14 अवैध दुकानों को सील कर दिया गया। देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी मची रही। अभियान के दौरान शहरी सदर पहाड़गंज, करोलबाग, रोहिणी, केशवपुरम, सिविल लाइन तथा नरेला जोन में कार्रवाई शुरू की गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की टीम ने पुलिस बल के साथ देर शाम तक पहाड़गंज में मीट की दस दुकानों को सील किया। इनमें नबी करीम में तीन, कुरेश नगर में तीन तथा मिंटो रोड पर चार दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा दया बस्ती से अवैध मीट विक्रेताओं को हटाया गया। अधिकारियों की एक अन्य टीम ने नरेला में तीन और रोहिणी में एक दुकान को सील किया। उधर, ओखला और शाहीन बाग में छह और नौ मई को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा। करीब 35 प्रख्यात नागरिकों ने दिल्ली सरकार और नगर निगमों को पत्र लिखकर राजधानी में मकानों को अवैध रूप से गिराए जाने पर तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया है।

### 132 घंटे से मलबे में फंसी महिला को जिंदा निकाला गया

**बीजिंग।** मध्य चीन में ढही इमारत के मलबे से छह दिन बाद महिला को जिंदा निकाला गया है। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। हुनान प्रांत की राजधानी चांगशा में 29 अप्रैल को दोपहर में छह मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी और कई लोग अब भी लापता हैं। महिला को सही सलामत निकाले जाने के बाद अभी तक मलबे से जिंदा निकाले गए लोगों की संख्या 10 हो गई है। महिला को बुधवार देर रात निकाला गया। वह करीब 132 घंटे से मलबे में फंसी थी। महिला होश में थी और बचावकर्मियों ने बात कर रही थी। बचाव अभियान में श्वान दस्ते और ड्रोन तथा 'इलेक्ट्रॉनिक लाइफ डिटेक्टर सहित कई अन्य साजो सामान का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में इमारत के मालिक सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

### शिमला में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत

**शिमला।** हिमाचल के शिमला में एक भीषण सड़क हादसे में कार के खाई में गिरने के बाद एक परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य के आपदा प्रबंधन निदेशक सुदेश मोख्ता ने कहा कि दुर्घटना बुधवार की रात 11 बजकर 30 मिनट पर हुई, जब चारों एक विवाह समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। चारों लोग शिमला जिले के भोलाद गांव के निवासी थे।

# अमरनाथ यात्रा को दहलाने की साजिश बीएसएफ ने किया नाकाम

**जम्मू।** पाकिस्तान की चमन सुरंग साजिश का एक बार फिर हुआ भंडाफोड़ है। अमरनाथ यात्रा को दहलाने और नारको टेररिज्म को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत-पाकिस्तान सीमा पर खोदी गई। सुरंग को बीएसएफ ने खोज निकाला है। यह सुरंग पाकिस्तानी फौज की देखरेख में आतंकवादियों ने पाकिस्तान की पेशेवर इंजीनियरों की मदद से बनाई थी। पिछले डेढ़ साल में बीएसएफ द्वारा पकड़ी गई पांचवी सुरंग है। सीमा के सांबा बॉर्डर के नजदीक भारतीय सीमा में चक फकीरा पोस्ट के पास इस सुरंग को पकड़ी गई। यह सुरंग इतनी खूबसूरती से खोदी गई है कि इसे आम आतंकवादी नहीं खोद सकता। इस सुरंग की बाबत सीमा सुरक्षा बल को बुधवार की शाम उस समय पता चला जब सांबा सेक्टर के इलाके में नियमित जांच की जा रही थी। इस सुरंग के मुहाने को कुछ इस तरह से ढका गया था की आसानी से सुरंग होने का पता ही ना चल सके। शुरुआती जांच के दौरान बीएसएफ



को पता चला है कि यह सुरंग पाकिस्तानी सीमा में पाकिस्तानी फौज की चौकी चमन खुर्द फियाज के पास शुरू होती है, जो वहां से लगभग 900 मीटर की दूरी पर है। यह सुरंग भारतीय सीमा के भीतर आकर डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर निकलती है। यानी, कुल मिलाकर लगभग 1 किलोमीटर लंबी सुरंग पाकिस्तानी फौज की देखरेख में खोजी गई। बीएसएफ का मानना है यह सुरंग ताज़ी-ताज़ी खुदी हुई है यानी इसे हाल में ही खोदा गया है। इसका मकसद जम्मू में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा में आतंक फैलाने के लिए सीमा पार से आतंकवादी और गोला-बारूद भेजना भी हो सकता है। इसके अलावा इस सुरंग का मकसद नारको टेररिज्म को बढ़ाने का भी हो सकता है। यह सुरंग इतनी बड़ी है कि इसमें बड़े आराम से एक आदमी हथियार लेकर या नारकोटिक्स से भरी हुई बोरी लेकर आराम से आ जा सकता है। सुरंग को जिस तरीके से खुद आ गया है उससे साफ जाहिर है कि पाकिस्तानी सेना की देखरेख में इस सुरंग को सुरंग खोलने वाले पेशेवर इंजीनियरों के निर्देशन में आतंकवादियों ने खोदा होगा।

## नेपाली सिंगर के साथ दिखाई दिए राहुल गांधी, सिंगर की पीएम मोदी कर चुके हैं तारीफ

**काठमांडू।** नेपाल के 5 दिवसीय दौरे पर पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की एक और तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में राहुल गांधी नेपाली सिंगर के साथ नजर आ रहे हैं। इस नेपाली सिंगर का नाम सरस्वती खत्री है। फोटो को खुद सरस्वती ने ही शेयर किया है। सिंगर ने दावा किया कि उन्होंने राहुल गांधी के लिए गाने भी गाए। सरस्वती के गाने की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। उन्होंने 2018 में सरस्वती के %वैष्णव जन तो गाने की तारीफ में ट्वीट किया था। राहुल गांधी अपनी दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए नेपाल पहुंचे हुए हैं। इस बीच काठमांडू के नाइटक्लब में राहुल की मौजूदगी को लेकर भारत में राजनीतिक माहौल गर्म हुआ है।



सरस्वती खत्री ने राहुल के साथ वाली तस्वीर शेयर कर लिखा कि संगीत में सभी लोगों को एक साथ लाने की शक्ति है। मुझे कल शाम भारतीय संसद के माननीय सदस्य राहुल गांधी जी के लिए कुछ गीत गाने का सम्मान मिला। मुझे वे विनम्र और सरल व्यक्ति लगे। इस मौके के लिए सुमनिमा जी, नीमा जी को धन्यवाद। सरस्वती के तस्वीर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, वैभव वालिया समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने शेयर भी किया है। लल्लू ने सरस्वती खत्री के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा कि सरल, सौम्य और सादगीपूर्ण इंसान। मेरे नेता राहुल गांधी जी। वहीं वैभव वालिया ने ट्वीट कर लिखा कि यही बात राहुल गांधी की अनोखी है। जो कोई भी उनसे मिला है, उनसे बातचीत की है, या उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता है, वे इस बात से सहमत होगा कि-वह एक अच्छे इंसान हैं। वह विनम्र हैं और सादा जीवन जीते हैं। कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता है लेकिन इरादा होना चाहिए।

## कांग्रेस में कोई अंदरूनी कलह नहीं, हम सभी एक टीम हैं: हुड्डा

### हम एक मजबूत कांग्रेस हैं और जल्द ही राज्य में इस भाजपा-जजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस इकाई में अंदरूनी कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। पार्टी आलाकमान ने हाल ही में हुड्डा गुट के करीबी उदय भान को कांग्रेस राज्य प्रमुख बनाया था। लेकिन इस फैसले पर कई नेता नाखुश नजर आ रहे हैं और शायद यही वजह है कि पूर्व सीएम भूपिंदर हुड्डा की बुधवार की रैली में हरियाणा कांग्रेस के तीन प्रमुख नेता मंच से नदारद दिखे। हालांकि भूपिंदर हुड्डा ने इस दौरान पार्टी के भीतर अंदरूनी कलह की बात का खंडन किया। उन्होंने कहा ?कि आप लोग हमसे अंदरूनी कलह, इस और उस गुट आदि पर सवाल पूछते है लेकिन कांग्रेस में कोई अंदरूनी कलह नहीं है। हम सभी एक टीम हैं और अपने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ, हम एक मजबूत कांग्रेस हैं और जल्द ही राज्य में इस भाजपा-जजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा ?कि मैंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा, जिन्होंने दिल्ली से चंडीगढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर 40 से अधिक स्थानों पर नई टीम का स्वागत किया। भारी बारिश के बावजूद लोग हमारा इंतजार करते रहे। इससे पता चलता है कि हरियाणा के लोगों का कांग्रेस पर अटूट विश्वास है। हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और सड़कों से लेकर विधानसभा तक उनकी आवाज बुलंद करेंगे। कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन में कुमारी शैलजा, कुलदीप बिश्नोई और रणदीप सुरजेवाला शामिल नहीं हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुमारी शैलजा समारोह में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ में पार्टी कार्यालय गई थीं, लेकिन चूंकि हुड्डा और भान चार घंटे की देरी से पहुंचे, इसलिए वह भी चली गईं और कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं।

नई राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान ने चंडीगढ़ में कहा कि कांग्रेस में कोई अंदरूनी कलह नहीं है और वह यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक और पार्टी के अन्य नेता और पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करें और सुनिश्चित करें कि लोग जो पहले से ही इस भाजपा-जजपा शासन से तंग आ चुके हैं, उन्हें बाहर निकाल दें और राज्य के कल्याण के लिए काम करने के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनें।

# सनराइजर्स के गेंदबाजों के सामने होगी कैपिटल्स के बल्लेबाजों की परीक्षा

**मुंबई ।** आईपीएल में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। दिल्ली को अब तक नौ मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा है , ऐसे में प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने के लिए उसे यह मैच हर हाल में जीतना होगा। जिस प्रकार सनराइजर्स के तेज गेंदबाजों उमरान मलिक , भुवनेश्वर कुआर का अब तक का प्रदर्शन रहा है। उसको देखते हुए दिल्ली के लिए जीत दर्ज करना आसान नहीं रहेगा। कैपिटल्स के बल्लेबाजों को अगर यह मैच जीतना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर ललित यादव से मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीदें थी पर उन्होंने अब तक निराश किया है। ललित ने अभी तक नौ मैचों में केवल 137 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 110 से कम हैं। उन्होंने चार विकेट लिये हैं। वहीं अनुभवी एनरिक नोर्किया भी अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। दिल्ली की गेंदबाजी भी कमजोर रही है। स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज खलील अहमद को छोड़कर विकेट को छोड़कर




कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। मुस्ताफिजुर रहमान के प्रदर्शन में भी निरंतरता आभाव है।

दिल्ली टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने अब तक आक्रामक बल्लेबाजी तो जरुर की है पर वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। उनके ओर सनराइजर्स के तेज उमरान के बीच होने वाले मुकाबले का सभी को इंतजार है। वहीं पृथ्वी शॉ ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था पर वह इस लय को बरकरार नहीं रख पाये जबकि डेविड वार्नर अब तक अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं। दिल्ली के बल्लेबाजों के लिये हालांकि भुवनेश्वर के अलावा उमरान, टी नटराजन और मार्को यानसेन के खिलाफ रन बनाना नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स के गेंदबाजों ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अहम अवसरों पर अपनी टीम को जीत दिलायी है और वे इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे हालांकि वाशिंगटन सुंदर के फिट नहीं होने से उसे नुकसान होगा। सुंदर की जगह जगदीश सुचित को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी कप्तान केन विलियमसन के अलावा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अलावा एडेन मार्कराम और राहुल त्रिपाठी पर निर्भर करेगी। अभिषेक ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी कर तीन सौ से ज्यादा रन बनाये हैं। (324 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया है और दिल्ली के गेंदबाजों को विलियमसन के लय में नहीं होने का लाभ मिलेगा पर उसे अभिषेक , मार्कराम और राहुल पर अंकुश लगाना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी सॉव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भारत और टिम सीफर्ट।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरण, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, रोमारियो शेफर्ड, मार्को यानसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार , सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टीम इंडिया आईसीसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंची

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी की टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गयी है। आईसीसी ने गुरुवार को टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीमों की जो रैंकिंग जारी की है। इसमें भारतीय टीम पहले स्थान पर जबकि इंग्लैंड टीम दूसरे और पाकिस्तान टीम तीसरे नंबर पर है। टीम इंडिया ने हाल में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में शानदार प्रदर्शन् किया था हालांकि इससे पहले गत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले गए टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। तब भारतीय टीम पहले दौर में ही बाहर हो गई थी पर रोहित शर्मा के कमान बनने के बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। जिससे टीम एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष पर पहुंच गयी है। आईसीसी द्वारा पुरुष टीमों के लिए जारी की गई ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम 270 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर है जबकि इंग्लैंड टीम 265 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। पाकिस्तान 261 अंकों के साथ तीसरे जबकि 253 अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका को चौथा स्थान मिला है। 251 रेटिंग अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया पांचवें, 250 अंकों के साथ न्यूजीलैंड छठे, 240 अंकों के साथ वेस्टइंडीज सातवें, 233 अंकों के साथ बांग्लादेश आठवें, 230 अंकों के साथ श्रीलंका नौवें और 226 रेटिंग पॉइंट्स के साथ अफगानिस्तान की टीम 10वें नंबर पर है।

### बीसीसीआई ने मजूमदार पर लगाया दो साल का प्रतिबंध

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को साक्षात्कार के लिए धमकी देने के मामले में खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। अब मजूमदार क्रिकेट से जुड़े किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकेंगे। साहा ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर एक मैसेज के स्क्रीनशॉट शेयर कर कहा था कि उन्हें एक पत्रकार ने साक्षात्कार के लिए धमकाया था। इसके बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इस मामले में बीसीसीआई से कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। वहीं बीसीसीआई ने इस मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इस समिति में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरुण धूमल और बोर्ड के शीर्ष परिषद सदस्य प्रभतेज सिंह भाटिया शामिल थे। इन्होंने इस पूरे मामले की जांच की थी। वहीं मजमूदार ने अपनी सफाई में कहा था, स्क्रीनशॉट से छेड़छाड़ की गई है। वह पूरी तरह से सही नहीं है।

### एंडरसन ने टेनिस को अलविदा कहा

**लंदन ।** दक्षिण अफ्रीकी टेनिस स्टार केविन एंडरसन ने टेनिस से संन्यास की घोषणा की है। 35 साल के एंडरसन साल 2017 में यूएस ओपन के फाइनल में स्पेन के राफेल नडाल से हार गए थे। इसके बाद वह 2018 में भी विंबलडन के फाइनल में पहुंचे थे पर यहां उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। एंडरसन ने अब तक सात एटीपी टूर खिताब जीते हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में न्यूपोर्ट में हाल ऑफ फेम टेनिस चैंपियनशिप भी जीती थी। उन्होंने कहा कि टेनिस के कारण ही वह वास्तविक दुनिया के बारे में जान पाये हैं।

# धोनी ने बल्लेबाजों को बताया हार के लिए जिम्मेदार

**पुणे ।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है। यह सीएसके की सातवीं हार है और इसी के साथ ही उसके प्लेऑफ में जाने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। धोनी ने कहा कि टीम ने अच्छी शुरुआत के बाद भी एक के बाद एक विकेट गंवा दिये। इसी कारण हमारी टीम हारी है। उन्होंने कहा, ' हमने उन्हें 170 के आसपास रोक दिया था। मुझे लगा कि दूसरे हाफ में विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा हो जाएगा। हमने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की। सबकुछ हमारी योजना के मुताबिक चल रहा था पर हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हमारे बल्लेबाज सही तरीके से आंकलन नहीं कर पाए। जब आप लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो, आपको पता होता है कि आपको कितने रन की जरूरत है और उस समय बल्लेबाजों को हालात के अनुसार खेलना चाहिये।' सीएसके के 10 मैचों में 3 जीत से 6 अंक हैं और वह अंक तालिका में नौवें नंबर पर है जबकि आरसीबी की टीम इस जीत से शीर्ष 4 में पहुंच गई है।





मैड्रिड में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

### वार्नर ने विराट को बताया फार्म हासिल करने का तरीका

**मुम्मई ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली से कहा है कि वह अपना पुराना फार्म हासिल करें। वार्नर के अनुसार इसके लिए विराट को अपने बेसिक्स पर टिके रहना चाहिए क्योंक वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वार्नर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि कुछ और बच्चे पैदा करें और प्यार का आनंद भी लें। विराट पिछले काफी समय से अपनी लय में नहीं है। आईपीएल के इस सत्र में विराट अब तक नाकाम रहे हैं और केवल एक बार ही अर्धशतक लगा पाये हैं। इस सत्र में वह दो बार पहली ही गेंद पर आउट हुए जिसके बाद से ही उनपर अपना फार्म हासिल करने का दबाव है। इस दौरान वार्नर ने विराट को अपने खराब दौर से निकलने को कहा है। वार्नर ने कहा, फॉर्म अस्थायी है और क्लास स्थायी है, इसलिए आप इसे खो नहीं सकते हैं।

## सीएसके टीम को प्लेऑफ में पहुंचने करना होगा चमत्कार

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों मिली हार के साथ ही सीएसके टीम के प्लऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। सीएसके को अभी 4 मैच और खेलने हैं। हालांकि चारों मैच जीतने की हालत में भी उसके कुल 8 अंक ही होंगे। इसके बाद सीएसके टीम के कुल 14 अंक हो पर आईपीएल अंक तालिका के अनुसार,किसी भी टीम को क्वालीफाई करने के लिए 16 अंकों की जरुरत होती है। ऐसे में 14 अंक मिलने की हालत में भी सीएसके टीम शायद ही प्लेऑफ में पहुंच पाये। सीएसके को अपने शेष बचे चार मैच दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रायल्स से खेलने हैं। ऐसे में आगे बाकी बचे सभी मैच जीतना भी उसके लिए संभव नजर नहीं आता है। आरसीबी के खिलाफ अगर टीम जीतती तो उसकी कुछ हद तक संभावनाएं थीं। वहीं हार के कारण उसकी राह असंभव हो गयी है अब कोई चमत्कार ही उसे आगे बढ़ा सकता है।

## एफआईएच मुकाबले के लिए तैयार है भारतीय टीम : सुशीला

**भुवनेश्वर ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की हॉफबैक सुशीला चानू ने कहा कि उनकी टीम नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच महिला में किसी भी टीम से मुकाबले के लिए तैयार है। भारतीय टीम को इसमें पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपना पहला मैच तीन जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी। वहीं भारतीय टीम पांच जुलाई को चीन से और सात जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारत एक से 17 जुलाई तक होने वाली इस प्रतियोगिता में पूल चरण के अपने मैच नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगा। सुशीला ने कहा कि उनकी टीम किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि किस टीम से हमें खेलना है क्योंकि हमारी सोच और मानसिकता प्रत्येक मैच को अगले मैच की तरह लेने की है। हम प्रत्येक मैच को जीतने की कोशिश करेंगे। चानू ने कहा कि हमने हाल में ओमान के मस्कट में एशिया कप और फिर एफआईएच प्रो लीग में चीन का मुकाबला किया था। इससे हमें फायदा मिलेगा। हम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ हॉकी प्रो लीग के मैच खेलेंगे। हम न्यूजीलैंड से आखिरी बार 2020 में खेले थे, इसलिए हम इन टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमें पता है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिये किस तरह से तैयारी करनी है। वहीं भारतीय फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा कि टीम ने पिछले दो वर्षों में काफी आत्मविश्वास हासिल किया है और अब वह किसी भी तरह की टीम का सामना करने से घबराती नहीं है।

## व्यापारन्यूज

### वर्ष 2021 में 78 प्रतिशत भारतीय कंपनियां रैन्समवेयर का शिकार हुई: रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** वर्ष 2021 में करीब 78 प्रतिशत भारतीय कंपनियां रैन्समवेयर का शिकार बनीं और इसमें से कुछ ने अपने डेटा को वापस पाने के लिए 76 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की। साइबर सुरक्षा कंपनी सोफोस की रिपोर्ट के अनुसार रैन्समवेयर का शिकार बनने के बाद अपने डेटा को वापस पाने के लिए औसतन भारतीय कंपनियों ने नौ करोड़ रुपए का भुगतान किया जबकि दस 10 प्रतिशत कंपनियों को दस लाख डॉलर या उससे अधिक पैसे खर्च करने पडे। कंपनी ने अपने सर्वेक्षण में पाया कि रैन्समवेयर की चपेट में आने वाली 48 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने पांच हजार डॉलर का भुगतान किया। वहीं सर्वेक्षण में तीन कंपनियों ने स्वीकार किया कि उन्हें अपना डेटा वापस पाने के लिए एक करोड़ डॉलर या उससे से अधिक का खर्च करना पड़ा।

### रेपो दर बढ़ने से वाहन उद्योग की वृद्धि रुकेगी

**नई दिल्ली ।** रेपो दर में बढ़ोतरी से वाहन उद्योग की वृद्धि पर कुछ हद तक रुक जाएगी और पहले से मंदी के दौर से गुजर रहा दोपहिया वाहन क्षेत्र प्रभावित होगा। यह बात वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने कही है। उसने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस निर्णय से आवास, वाहन समेत अन्य कर्ज की मासिक किस्तों पर भी असर पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाड़ा) के एक अधिकारी ने कहा कि रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी के आरबीआई के कदम ने सभी को स्पष्ट रूप से चौंका दिया है। इस कदम से अतिरिक्त नकदी पर अंकुश लगेगा और वाहन ऋण महंगा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबी प्रतीक्षा अवधि के कारण यात्री वाहन श्रेणी इस झटके को सह सकता है लेकिन दोपहिया वाहन खंड ऊंची वाहन ऋण लागत का एक और झटका सहन नहीं कर पायेगा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन क्षेत्र ग्रामीण बाजार में खराब प्रदर्शन, वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी और उच्च ईंधन लागत के कारण पहले से ही प्रभावित है। फाडा के अनुसार मार्च, 2022 में दोपहिया वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 11,57,681 इकाई की रह गई, जो इससे पिछले वर्ष के इसी महीने में 12,06,191 इकाई की थी।

### फ्यूचर रिटेल के प्रबंध निदेशक का इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** फ्यूचर रिटेल के प्रबंध निदेशक राकेश बियाणी ने इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही कर्ज में डूबी इस कंपनी के कंपनी सचिव वीरेंद्र समानी समेत कई अन्य अधिकारियों ने भी इस्तीफा दे दिया है। फ्यूचर समूह की प्रमुख कंपनी राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के सामने दिवाला प्रक्रिया का सामना कर रही है। रिलायंस रिटेल द्वारा 24,713 करोड़ रुपए के सौदे को रद्द करने के बाद फ्यूचर समूह की कई कंपनियों में बोर्ड और अन्य स्तर के अधिकारियों ने इस्तीफा दिया है।

### पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डालर प्रति बैरल पहुंचने के बावजूद देश में गुरुवार को भी ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार 29वें दिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 39 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपए प्रति लीटर की तेजी आई है।

# सेंसेक्स 651 अंक चढ़कर खुला, निफ्टी 16,800 पर

**मुंबई ।** अमेरिकी बाजारों में उल्लेखनीय तेजी आने और इंफोसिस, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक जैसे बड़े शेयरों के लाभ में जाने से गुरुवार को बीएसई का सेंसेक्स 651 अंक चढ़कर खुला। इससे पिछले सत्र में बुधवार को सेंसेक्स में बड़ी गिरावट आई थी। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 650.9 अंक चढ़ कर 56,319.93 अंक पर पहुंच गया, वहीं एनएसई निफ्टी 185.65 अंक की बढ़त के साथ 16,863.25 पर आ गया। सेंसेक्स में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एमएंडएम बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर, नेस्ले और टाइटन लाल निशान में थे। भारतीय रिजर्व बैंक



(आरबीआई) के रेपो दर में वृद्धि के फैसले के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार औंधे मुंह लु?क गए थे। मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए केंद्रीय बैंक ने रेपो दर 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत करने का निर्णय किया। पिछले कारोबारी सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,306.96 लुढ़क कर 55,669.03 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 391.50 अंक टूटकर 16,677.60 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 3,288.18 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### सोना महंगा, चांदी 64 हजार

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में गुरुवार को सोना महंगा हो गया और चांदी की कीमतें में बढ़ गई क्योंकि फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की, जिसे अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम के रूप में उजागर किया, जबकि वर्ष के लिए बढ़ी बढ़ोतरी को भी खारिज कर दिया। दरअसल, बीते दिनों से जारी कीमती धातुओं के भाव में गिरावट गुरुवार को थम गई और इनमें जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर जहां सोने की कीमत 1.07 फीसदी बढ़ गई, वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम में भी 2.48 फीसदी की तेजी आई है। इस बढ़ोतरी के बाद सोने का भाव बढ़कर 51,151 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत 63,654 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे बढ़ा

**मुंबई ।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 पैसे की तेजी के साथ 76.11 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.17 पर खुला और बढ़त दर्ज करते हुए 76.11 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद के मुकाबले 29 पैसे की तेजी दर्शाता है। पिछले कारोबारी सत्र बुधवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 76.40 पर बंद हुआ था। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आईपीओ के कारण विदेशी पूंजी के प्रवाह से धारणा प्रभावित हुई और घरेलू मुद्रा को बल मिला। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 102.55 पर आ गया।

## बीएमडब्ल्यू मिनी ने लगाई कार उत्पादन पर अस्थाई रोक

**नई दिल्ली ।** महंगी कारें बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू मिनी ने अपने सभी मैनुअल ट्रांसमिशन वाहनों के उत्पादन पर अस्थाई रोक लगाने का फैसला किया है। यह फैसला कंपनी ने सप्लाई चेन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए लिया है। बीएमडब्ल्यू मिनी के प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग और सेमीकंडक्टर चिप की कमी कारण सप्लाई चेन में दिक्कतें आ रही हैं। इन दिक्कतों के चलते मैनुअल ट्रांसमिशन मिनी वाहनों का उत्पादन फिलहाल रोक दिया गया है। हालांकि, यह तय नहीं है कि यह उत्पादन कब तक बंद रहेगा।

प्रवक्ता ने बताया कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे, उत्पादन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन, इसमें कितना वक्त लगेगा, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। फिलहाल कंपनी इलेक्ट्रिक कार उत्पान पर फोकस कर रही है।मिनी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों में मैनुअल गियरबॉक्स एडिशन भी पेश करता है। फिलहाल सेमीकंडक्टर की कमी से समूची दुनिया का वाहन उद्योग जूझ रहा है। बता दें कि जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारत में मिनी कूपर एसई थ्री-डोर इलेक्ट्रिक हैचबैक लॉन्च की थी। 48 लाख रुपये की लागत वाली कूपर एसई मिनी की पहली इलेक्ट्रिक कार है। मिनी कूपर एसई को 2019 में ग्लोबल मार्केट में पेश किया गया था। पेट्रोल वैरिएंट की तुलना में यह इलेक्ट्रिक मिनी 145 किलोग्राम अधिक वजनी है।थ्री-डोर इलेक्ट्रिक हैचबैक मिनी कूपर एसई में 32.6केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी मिलती है। कंपनी का दावा है कि फुल चार्जिंग पर यह कार 270 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। बैटरी पैक को एक इलेक्ट्रिक मोटर के साथ जोड़ा गया है जो 184 एचपी की पावर और 270 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करती है। इस कार को 11केडब्ल्यू चार्जर से 2.5 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। अगर चार्जिंग के लिए 50केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करते हैं तो इसे 36 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है।



# सलमान की फिल्म अंतिमः द फाइनल ट्रुथ अक्टूबर में नहीं हो पाएगी रिलीज



कोरोना वायरस की महामारी के कारण देश में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इससे फिल्म जगत भी अछूता नहीं रहा है। इससे कई फिल्मों के प्रोजेक्ट को टालना पड़ा है। अब जानकारी सामने आ रही है कि सलमान खान की फिल्म अंतिमः द फाइनल ट्रुथ अक्टूबर में रिलीज नहीं हो पाएगी। खबरों की मानें तो कोरोना वायरस के कारण मेकर्स को मौजूदा हालात को देखते हुए नहीं लगता कि अक्टूबर तक देश में स्थितियां सामान्य हो पाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान की फिल्म अंतिम का अक्टूबर में रिलीज हो पाना मुश्किल लगता है। एक सूत्र ने कहा, सलमान की इस फिल्म से भावनात्मक लगाव है क्योंकि उनके बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा इस फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं। वहीं, सलमान को एक सिख पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म का एक टीजर और आयुष का लुक फरवरी में जारी किया गया था। सूत्र ने बताया कि मेकर्स फिल्म का पहला पोस्टर मार्च के अंत मे लॉन्च करने वाले थे। पोस्टर में फिल्म की अक्टूबर में रिलीज की घोषणा की जानी थी। बताया जा रहा है कि कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए पोस्टर रिलीज का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा है। मेकर्स ने स्थितियां सामान्य होने की प्रतीक्षा करने का विचार किया है। तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर फिल्म की टीम काफी सावधानी से कोई भी कदम उठा रही है। हाल में राधे की रिलीज को देखते हुए तय किया गया कि सलमान की दो फिल्मों को एक साथ प्रमोट करना ठीक नहीं होगा। इस लिहाज से दो फिल्मों के बीच एक अंतराल रखने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि अक्टूबर में थिएटर में कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसके कारण इस फिल्म की रिलीज अक्टूबर में मुश्किल लगती है। अंतिम के निर्देशक महेश मांजरेकर ने बताया कि अक्टूबर तक थिएटर भी नहीं खुल पाएगा।

### महेश अभी अपने घर पर फिल्म अंतिम

द फाइनल ट्रुथ की एडिटिंग और पोस्ट प्रोडक्शन के काम का निरीक्षण कर रहे हैं। अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में सलमान के साथ उनके बहनोई आयुष मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें सलमान के साथ आयुष को जबरदस्त एक्शन में देखा जाएगा।

## पूजा बिष्ट ने फ्लॉड में अपनी भूमिका के बारे में बताया



अभिनेत्री पूजा बिष्ट ने आगामी वेब-सीरीज फ्लॉड में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी दी है। पूजा ने कहा, मैं सौम्या का किरदार निभा रही हूं। वह हर किसी की नजर में एक मजबूत, स्वतंत्र लड़की है, लेकिन साथ ही वह अपनी छोटी बहन और मां के साथ उसे छोड़कर दूसरी महिला के लिए अपने पिता की अनुपस्थिति के लिए भी सहन करती है। पूजा के कंधों पर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, बस प्यार के विचार ने उसे परेशान कर दिया और इस वजह से वह किसी के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाने में असमर्थ है और वह खुद को किसी के लिए खोलना नहीं चाहती है। फिर भी वह अपने जीवन में एक छोटा हिस्सा अपने पिता का चाहती है क्योंकि वह जिम्मेदारियों से थक गई है।

## 'कुमकुम भाग्य' के सीक्वल में नजर आएगी सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी? बनेंगे 'अभि-प्रज्ञा'!

सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल के फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। फैन्स लंबे वक्त से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि आखिर दोनों कब एक साथ किसी प्रॉजेक्ट में साथ नजर आएंगे। अब जल्द ही उनकी यह मुराद पूरी हो सकती है। खबर है कि सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल को 'कुमकुम भाग्य' के रीबूट या सीक्वल में अभि और प्रज्ञा के रोल में कास्ट किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह इशारा शो के कास्टिंग डायरेक्टर शदमान खान ने दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, शदमान खान ने कहा कि अगर 'कुमकुम भाग्य' का रीबूट या सीक्वल बना तो वह उसमें सिद्धार्थ शुक्ला को अभि के रोल में और शहनाज गिल को प्रज्ञा के रोल में कास्ट करना चाहेंगे। बता दें कि शदमान खान ने ही 'कुमकुम भाग्य' में अभि और प्रज्ञा के रोल के लिए कास्टिंग की थी, जो आज पॉप्युलर किरदार हैं। शो में फिलहाल अभि का रोल ऐक्टर शब्बीर अहलूवालिया और प्रज्ञा का किरदार श्रीति झा निभा रही हैं। अब देखना यह होगा कि 'कुमकुम भाग्य' का सीक्वल कब आएगा। वैसे फैन्स तो अभी इस न्यूज से एक्साइटेड हैं।

## 'बिग बॉस 15' का हिस्सा नहीं होंगी सुरभि चंदना

टीवी की दुनिया में 'बिग बॉस 15' को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। सलमान खान के इस शो में इस बार सिलेब्रिटीज के साथ ही आम लोगों की एंट्री भी होने वाली है। चर्चा है कि शो में रिया चक्रवर्ती से लेकर दिशा वकानी तक हिस्सा लेने वाली हैं। टीवी की दुनिया से एक बड़ा नाम सुरभि चंदना का था। बताया गया कि सुरभि भी 'बिग बॉस 15' में बतौर कंटेस्टेंट नजर आएंगी। लेकिन अब ऐक्ट्रेस ने खुद इन संभावनाओं से इनकार किया है।

# रिलेशनशिप को ऑफिशल करने के लिए बेताब कटरीना



कटरीना कैफ और विकी कौशल ने भले ही अभी तक अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया हो, लेकिन सोशल मीडिया पर गलती से पोस्ट हुई उनकी तस्वीरों से हर किसी को उनके रोमांस की जानकारी हो गई है। हालांकि, दोनों के फैंस चाहते हैं कि जल्द ही उन दोनों का रिलेशनशिप ऑफिशल हो जाए। अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि दोनों कब तक अपने रिश्ते पर मुहर लगाते हैं लेकिन कटरीना कैफ को विकी कौशल के स्क्रीन पर इंटिमेट सीन से आपत्ति है और वह अपने रिश्ते को सबके सामने लाना चाहती हैं। कटरीना कैफ और विकी कौशल ने साल 2021 का स्वागत एक साथ किया था यानी इस कथित कपल ने अलीबाग में न्यू ईयर मनाया था। इस दौरान उनके साथ सनी कौशल और इसाबेल कैफी भी थीं। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की है लेकिन खबरों की मानें तो दोनों के बीच सब ठीक नहीं चल रहा है। चर्चा है कि विकी कौशल के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाने के लिए कटरीना कैफ बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि ऐक्टर के पिता उन दोनों के रिश्ते को लेकर खुश नहीं हैं और उन्होंने अपने बेटे को इस बारे में सचेत कर चुके हैं। यह भी बताया जा रहा है कि कटरीना कैफ अब विकी कौशल के प्रेफेशनल लाइफ में अपनी जगह बना रही हैं और उन्होंने ऐक्टर की अपकमिंग फिल्मों में इंटिमेट सीन को लेकर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। विकी कौशल फिल्म 'द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा' में सारा अली खान के साथ नजर आएंगे। ऐसा लगता है कि कटरीना कैफ ने हिंट दे दिया है वह फिल्म में सारा अली खान के साथ कैमरे के सामने ज्यादा इंटिमेट न हों। बताते चलें कि इससे पहले विकी कौशल ने स्क्रीन पर तापसी पन्नू के साथ 'मनमर्जियां' में, कियारा आडवाणी के साथ 'लस्ट स्टोरीज' में, अंगीरा धर के साथ 'लव पर स्क्वायर फुट' में और शोभिता धूलिपाला के साथ 'रमन राघव' में इंटिमेट सीन किया हैं। लेकिन अब कटरीना कैफ को विकी कौशल के ऐसे सीन से असहज करते हैं। कैटरीना कैफ और विकी कौशल को बीते साल अंबानी की होली पार्टी में एक साथ देखा गया था। दिसंबर, 2020 में कटरीना कैफ ने अपने घर पर क्रिसमस की पार्टी रखी थी। इस पार्टी में विकी कौशल भी पहुंचे थे। इसके अलावा पार्टी में सिद्धार्थ मल्होत्रा, कबीर खान, अनन्या पांडे, ईशान खट्टर, अंगद बेदी और नेहा धूपिया भी शामिल हुई थीं।



# एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का जलवा

**योगेश कुमार गोयल**

लगातार तीसरी खिताबी जीत वाले पहले भारतीय पहलवान बने रवि दहिया पिछले दिनों मंगोलिया में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 17 पदक जीते। चैंपियनशिप में अपनी-अपनी श्रेणियों में बजरंग पूनिया ने रजत पदक, गौरव बालियान ने रजत पदक, नवीन तथा सत्यव्रत कादियान ने कांस्य पदक जीते लेकिन सबसे बड़ा कारनामा किया टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने। रवि ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके इरादों में कितना दम है। रवि ने शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता के बूते कजाकिस्तान के रखत कालजान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए रवि ने पहले पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में जापान के रिकुतो अराई को हराया और उसके बाद मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि रवि ने अपने सभी मुकाबलों में शुरूआत में बढ़त गंवा दी थी लेकिन शानदार तरीके से वापसी करते हुए पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। फाइनल मुकाबले में रखत कालजान ने उन्हें काफी समय तक कोई अंक नहीं लेने दिया था लेकिन अपनी चिर-परिचित शैली के अनुरूप रवि ने मुकाबले पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया और लगातार 6 'टू-प्वाइंटर' हासिल किए, साथ ही स्वयं को 'लेफ्ट-लेग अटैक' से भी बचाया, जिससे मुकाबला दूसरे पीरियड के शुरू में ही समाप्त हो गया और भारत ने 2022 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक रखत कालजान को 12-2 से हराते हुए अपने नाम किया।

गौरतलब है कि रवि ने इससे पहले 2020 में दिल्ली में और 2021 में अलमाटी में भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और इस चैंपियनशिप में इस बार उन्होंने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक भारत के नाम किया है। कोई भी भारतीय फ्री स्टाइल पहलवान अभी तक ऐसा कारनामा नहीं कर सका है और रवि लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज कराने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं। इस साल फरवरी में डान कोलोव स्पर्धा में रजत पदक जीतने के बाद रवि का इस सीजन का यह दूसरा फाइनल था। इससे पहले 5 अगस्त 2021 को टोक्यो में 'खेलों के महाकुंभ' में शानदार प्रदर्शन करते हुए रवि रजत पदक जीतने में सफल रहे थे। हालांकि रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चैम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7-4 से हारने के बाद उनका वह सपना चकनाचूर हो गया था। अभी तक कुश्ती में कोई भी भारतीय पहलवान ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है। हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी इसीलिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान बने थे और रेसलिंग में भारत का वह केवल छठा पदक था। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे।



भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था। सुशील कुमार के बाद ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले रवि दूसरे भारतीय पहलवान बने थे। ओलम्पिक के सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढ़ीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग हर बच्चा कुश्ती में अपने हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं। वहां 1982 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे सतपाल सिंह ने उन्हें दस वर्ष की आयु में ही ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। रवि के पिता राकेश एक भूमिहीन किसान थे, जो बंटाई की जमीन पर खेती किया करते थे। उनकी दिली तमन्ना थी कि उनका बेटा पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करे और अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्होंने आर्थिक संकट के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। वह प्रतिदिन बेटे तक फल ओर दूध पहुंचाने के लिए नाहरी गांव से 40 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम तक जाया करते थे। 2019 की विश्व चैंपियनशिप में रवि ने कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय उनके पिता उनका वह यादगार मैच नहीं देख सके थे क्योंकि वे काम पर गए हुए थे। रवि ने 2015 में 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सल्वाडोर डी बाहिया में विश्व जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। 2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे।

## आप बनने की कोशिश

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के बिहार में अपनी पार्टी शुरू करने के फैसले से राजनीतिक पंडितों को खास हैरानी नहीं हुई है। वह पिछले काफी समय से अपने गृह नगर को लेकर विचार कर रहे थे। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम तेज हैं। मालूम हो कि किशोर सासाराम में पैदा हुए थे। किशोर ने जन स्वराज की घोषणा ऐसे समय में की है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर अस्तित्व के संकट का सामना कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की आधिकारिक स्थिति यह है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद के परिवर्तन का कोई सवाल ही नहीं है। 74 सीटों के साथ भाजपा विधायिका में सबसे बड़ी पार्टी है, जनता दल यूनाइटेड के पास 43 सीटें हैं। नीतीश को दिल्ली भेजने का ऑप्शन भी नहीं दिखता है। भाजपा में कई लोग निजी तौर पर इस बारे में बात करते हैं कि कैसे 2020 के चुनावों के बाद, यह महसूस किया गया कि सत्ता में भाजपा की अधिक चलेगी, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय सभी को नियंत्रित करता दिखता है। इसे लेकर राज्य के भाजपा नेताओं और कुछ मंत्रियों में नाराजगी है। प्रशांत किशोर बिहार में आप बनने की कोशिश कर रहे हैं। वह जानते हैं कि लोग कुछ विकल्प चाहते हैं। जनता दल में 35 फीसदी वोट शेयर है जबकि नीतीश कुमार के पास 15 फीसदी और शेष 15 फीसदी कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों जैसे अन्य दलों के पास है। बिहार में सत्ता में रहने के लिए दो समूहों का एक साथ होना जरूरी है। 2015 में नीतीश और राजद एक साथ आए थे और अब यहां दो अन्य एक साथ हैं। जब तक कोई दूसरा विकल्प न हो, वे साथ रहेंगे। किशोर अपने गृह राज्य में इस बदलाव के एजेंट बनने की उम्मीद कर रहे होंगे। जबकि उन्होंने नई आप होने के इस सिद्धांत को खारिज कर दिया और आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को पार्टी के समर्थन पर जेडीयू से अलग होने के बाद एक पहल की घोषणा की। वह दो साल पहले (महामारी से ठीक पहले) था, और उस समय उन्होंने राज्य में समान विचारधारा वाले लोगों को आकर्षित करने की अपनी पहल के बारे में बात की। पीके ने दावा किया कि वह एक आंदोलन में एक लाख लोगों को नामांकित कर सकते हैं, लेकिन वह पहल ठप हो गई। भाजपा किशोर को गंभीरता से ले रही है। भाजपा लीडर ने कहा कि किशोर ब्राह्मण नेता होने के नाते उनके वोटों को काट सकते हैं। चूंकि आम आदमी पार्टी पंजाब में स्थापित पार्टियों को हराने में सफल रही थी, ऐसे में बिहार में भी ऐसे ही हालात पैदा होंगे, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। किशोर ने इस साल की शुरुआत में नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। यह स्पष्ट है कि दोनों के बीच एक खुला चैनल है। इसे नकारा नहीं जा सकता है। प्रशांत किशोर के करीबी सूत्र बताते हैं कि चुनावी रणनीतिकार को उस समय भी लगा कि उन्हें धोखा दिया गया है, जब नीतीश कुमार सरकार को रिपोर्ट करने वाली पटना पुलिस ने साल 2020 में उनके खिलाफ कंटेंट चोरी के आरोपों को साबित करने के लिए प्रयास किए। साल 2018 में जब कुमार और भाजपा के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था, तब किशोर, नीतीश कुमार की ओर से राजद नेता लालू प्रसाद यादव के पास पहुंचे थे। लेकिन भाजपा नेतृत्व की तरफ से कमान संभालने का भरोसा मिलने के बाद सीएम ने अपने विचार बदल लिए थे। सोमवार को पीके ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने बिहार से शुरुआत की बात कही थी। इसके बाद से ही अटकलें लगने लगी थी कि किशोर अपनी पार्टी शुरू करने जा रहे हैं।

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

## (6 मई) संत सूरदास जयंती

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

सूरदास हिन्दी के भक्तिकाल के महान कवि थे। हिन्दी साहित्य में भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि महात्मा सूरदास हिंदी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। सूरदास जन्म से अंधे थे या नहीं, इस संबंध में विद्वानों में मतभेद है।

**जीवन परिचय**

महाकवि श्री सूरदास का जन्म 1478 ई में रुनकता क्षेत्र में हुआ। यह गाँव मथुरा-आगरा मार्ग के किनारे स्थित है। कुछ विद्वानों का मत है कि सूरदास का जन्म दिल्ली के पास सीही नामक स्थान पर एक निर्धन सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह बहुत विद्वान थे, उनकी लोग आज भी चर्चा करते है। वे मथुरा के बीच गऊघाट पर आकर रहने लगे थे। सूरदास के पिता, रामदास बैरागी प्रसिद्ध गायक थे। सूरदास के जन्मांध होने के विषय में अनेक भ्रान्तिया है, प्रारंभ में सूरदास आगरा के समीप गऊघाट पर रहते थे। वहीं उनकी भेंट श्री वल्लभाचार्य से हुई और वे उनके शिष्य बन गए। वल्लभाचार्य ने उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षित कर के कृष्णलीला के पद गाने का आदेश दिया। सूरदास की मृत्यु गोवर्धन के निकट पारसौली ग्राम में 1583 ईस्वी में हुई सूरदास की जन्मतिथि एवं जन्मस्थान के विषय में विद्वानों में मतभेद है। ÷साहित्य लहरी% सूर की लिखी रचना मानी जाती है। इसमें साहित्य लहरी के रचना-काल के सम्बन्ध में निम्न पद मिलता है -

**मुनि पुनि के रस लेख।**
**दसन गौरीनन्द को लिखि सुवल संवत् पेख॥**

इसका अर्थ संवत् 1607 ईस्वी में माना गया है, अतएव ÷साहित्य लहरी% का रचना काल संवत् 1607 वि0 है। इस ग्रन्थ से यह भी प्रमाण मिलता है कि सूर के गुरु श्री वल्लभाचार्य थे।



सूरदास का जन्म सं0 1540 ईस्वी के लगभग ठहरता है, क्योंकि वल्लभ सम्प्रदाय में ऐसी मान्यता है कि बल्लभाचार्य सूरदास से दस दिन बड़े थे और बल्लभाचार्य का जन्म उक्त संवत् की वैशाख् कृष्ण एकादशी को हुआ था। इसलिए सूरदास की जन्म-तिथि वैशाख शुक्ला पंचमी, संवत् 1535 वि0 समीचीन जान पड़ती है। अनेक प्रमाणों के आधार पर उनका मृत्यु संवत् 1620 से 1648 ईस्वी के मध्य स्वीकार किया जाता है। रामचन्द्र शुक्ल जी के मतानुसार सूरदास का जन्म संवत् 1540 वि0 के सन्निकट और मृत्यु संवत् 1620 ईस्वी के आसपास माना जाता है।

**श्री गुरु बल्लभ तत्त्व सुनायो लीला भेद बतायो।**

सूरदास की आयु सूरसारावली के अनुसार उस समय 67 वर्ष थी। चौरासी वैष्णवन की वार्ता के आधार पर उनका जन्म रुनकता अथवा रेणु का क्षेत्र (वर्तमान जिला आगरान्तर्गत) में हुआ था। मथुरा और आगरा के बीच गऊघाट पर ये निवास करते थे। बल्लभाचार्य से इनकी भेंट वहीं पर हुई थी। ÷भावप्रकाश% में सूर का जन्म स्थान सीही नामक ग्राम बताया गया है। वे सारस्वत ब्राह्मण थे और जन्म के अंधे थे। ÷आइने अकबरी% में (संवत् 1653 ईस्वी) तथा ÷मुतखबुत-तवारीख÷ के अनुसार सूरदास को अकबर के दरबारी संगीतज्ञों में माना है।

**अष्टछाप के कवि का नाम है**

सूरदास श्रीनाथ की ÷संस्कृतवार्ता मणिपाला÷, श्री हरिराय कृत ÷भाव-प्रकाश÷, श्री गोकुलनाथ की ÷निजवार्ता÷ आदि ग्रंथों के आधार पर, जन्म के अन्धे माने गए हैं। लेकिन राधा-कृष्ण के रूप सौन्दर्य का सजीव चित्रण, नाना रंगों का वर्णन, सूक्ष्म पर्यवेक्षणशीलता आदि गुणों के कारण अधिकतर वर्तमान विद्वान सूर को जन्मान्ध स्वीकार नहीं करते। श्यामसुन्दर दास ने इस सम्बन्ध में लिखा है - ÷सूर वास्तव में जन्मांध नहीं थे, क्योंकि शृंगार तथा रंग-रुपादि का जो वर्णन उन्होंने किया है वैसा कोई जन्मान्ध नहीं कर सकता।÷ डॉक्टर हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखा है - ÷सूरसागर के कुछ पदों से यह ध्वनि अवश्य निकलती है कि सूरदास अपने को जन्म का अंधा और कर्म का अभागा कहते हैं, पर सब समय इसके अक्षरार्थ को ही प्रधान नहीं मानना चाहिए।÷

**हिंदी काव्य**

(1) सूरसागर - जो सूरदास की प्रसिद्ध रचना है। जिसमें सवा लाख पद संग्रहित थे। किंतु अब सात-आठ हजार पद ही मिलते हैं।

(2) सूरसारावली

(3) साहित्य-लहरी - जिसमें उनके कूट पद संकलित हैं।

(4) नल-दमयन्ती

(5) ब्याहलो।

# सत्ता- संगठन से संघ नाराज क्यों....?

### सूडोकु नवताल- 6062

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6061 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**ओमप्रकाश मेहता**

मध्यप्रदेश के अगले विधानसभा चुनावों में अभी अठारह महीनें शेष है किंतु संघ व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के चेहरे पर चिंता की लकीरें अभी से नजर आ रही है, पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी तथा संघ दोनों ने ही मध्यप्रदेश का गोपनीय विस्तृत सर्वेक्षण करवाया, जिसमें अगले विधानसभा चुनावों के लिए राजनीतिक माहौल व चुनाव की सत्ता व संगठन स्तर पर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया, पिछले दिनों दिल्ली में जो मध्यप्रदेश सत्ता-संगठन पर भाजपा व संघ की शीर्ष बैठक हुई, उसमें इन्हीं गोपनीय विस्तृत सर्वेक्षणों के प्रतिवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनके प्रति संघ ने विशेष चिंता व्यक्त की, संगठन ने भी रिपोर्ट पर चिंता व्यक्त की। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने तो इस पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं की, किंतु संघ ने खुलकर राज्य की अफसरशाही, भ्रष्टाचार व जनता व जनप्रतिनिधियों से उनकी दूरी पर खुलकर आलोचना की। संघ की नाराजी का एक प्रमुख कारण यह भी था कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा अनुभवी लोगों की साईड लाईन कराके उपेक्षा कर रही है, जब कि भाजपा को इनके अनुभवों का पूरा लाभ उठाना चाहिए जो कि विधानसभा चुनाव के समय बेहद जरूरी है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रय होसवाले विशेष रूप से इस गोपनीय रिपोर्ट को लेकर विशेष चिंतित दिखाई दिये। उनका कहना था कि संगठन से नए चेहरों को जोड़ने के प्रयास तो ठीक है, किंतु साथ ही बुजुर्ग व अनुभवी पार्टी नेताओं की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए, उनके पुराने अनुभवों का लाभ लेकर पार्टी को अपनी अगली राह तय करनी चाहिये। क्योंकि युवा व बुजुर्गों के बीच बिना संतुलन बनाए पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती।



दिल्ली के कारोल बाग स्थित उदासीन अखाड़ा परिसर में आयोजित इस शीर्ष बैठक में संघ काफी उदासीन नजर आया, इस बैठक में मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बीडी शर्मा तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी भी हाजिर थे। बैठक में सरकार्यवाह होसबाले ने सत्ता-संगठन के अच्छे कदमों की सराहना की तो अदूरदर्शी नजरिये पर सवाल भी उठाए।

संघ व भाजपा की इस शीर्ष बैठक में मध्यप्रदेश में बढ़ रहे कथित भ्रष्टाचार पर काफी चिंता व्यक्त की गई। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार का 'डबल डोज' भुगत रहा है। वर्ष 2020 के दौरान भ्रष्टाचार की राज्य में इक्यावन प्राथमिकी दर्ज हुई थी जो सिर्फ एक साल (2021) में 91 हो गई और पन्द्रह महीनों की अवधि में 116 को भ्रष्टाचार का दोषी पाकर दण्डित किया गया जहां तक इस वित्तीय वर्ष के पिछले तीन महीनों का सवाल इस अवधि में 35 प्राथमिकी दर्ज कराई गई 268 भ्रष्टाचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया तो 229 के खिलाफ चालान पेश किए गए। 31 मार्च को आर्थिक अपराध अनुसंधन ब्यूरों ने 33150 करोड़ रूपए से भी अधिक के घोटालों में जल संसाधन विभाग के तीन अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पिछली 4 फरवरी को जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में लगभग तीस करोड़ रूपये का घोटाला उजागर कर जनपद पंचायत सिरोंज के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

इन्ही सब भ्रष्टाचार सम्बंधी दस्तावेजी रिपोर्ट्स को पढ़कर संघ प्रदेश सरकार से काफी नाराज है। इसी विषय पर इस शीर्ष बैठक में विस्तार से चर्चा कर अगले विधानसभा चुनावों के सन्दर्भ में चिंता व्यक्त की गई। चूंकि भाजपा के गोपनीय सर्वेक्षण में भी ये ही तथ्य उजागर हुए है, इसलिए इस सन्दर्भ में आलाकमान ने मुख्यमंत्री जी को आवश्यक निर्देश दिए और मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली से लौटते ही राज्य के मुख्य सचिव को अपने आवास पर बुलाकर उनसे इस सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा कर सख्त कदम उठाने की हिदायतें दी। अब स्थिति यह है कि एक ओर जहां इसी शीर्ष बैठक में भाजपा व संघ अगले विधानसभा चुनावों में कट्टर हिन्दुत्व एजेण्ड़े के साथ उतरने का फैसला लेता है।

## इन पौधों के पत्ते चबाएं, ब्लड शुगर और बी पी बढ़ने की टेंशन होगी खत्म

**प्रेमचंद जैन भोपाल**

ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ना दोनों ही गंभीर स्थितियां हैं। अगर इन्हें कंट्रोल न किया जाए, तो सेहत को कई गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। डायबिटीज और हाइपरटेंशन को कंट्रोल करने में कई आयुर्वेदिक पौधे काफी कारगर साबित हो सकते हैं। सुबह उठते ही घर में लगे इन 3 पौधों के पत्ते चबाएं, पूरे दिन ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ने की टेंशन होगी खत्म डायबिटीज एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है जिसे सिर्फ हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल के जरिए कंट्रोल किया सकता है। इस रोग में अग्नाशय ब्लड शुगर को कंट्रोल करने वाले इंसुलिन हार्मोन का उत्पादन धीमा या बंद कर देता है। ऐसे में मरीज का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है जिससे कई गंभीर समस्याओं का खतरा होता है। यही वजह है कि ब्लड शुगर को कंट्रोल रखना बहुत जरूरी है।

इसी तरह हाई ब्लड प्रेशर भी काफी आम समस्या हो गई है। अगर इसे कंट्रोल न किया जाए, तो आपको दिल की समस्याओं का खतरा हो सकता है। ब्लड प्रेशर आउट ऑफ कंट्रोल होने से आपको धुंधला दिखना, थकान, सिरदर्द, नाक से खून आना, सांस लेने में कठिनाई आदि समस्याएं हो सकती हैं।

बेशक ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर के लिए कई दवाएं और उपचार मौजूद हैं लेकिन आप कुछ प्राकृतिक उपायों के जरिए भी डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी गंभीर समस्याओं पर काबू पा सकते हैं। घर-घर में मिलने वाले कुछ पेड़-पौधों के पत्तों में ब्लड शुगर और बीपी कंट्रोल करने की क्षमता होती है।

**करी पत्ता**

करी पत्ता सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता बल्कि इसमें कई स्वास्थ्य गुण भी होते हैं। मीठी नीम के नाम से फेमस इस पौधे के पत्ते पाचन को मजबूत बनाकर पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत दिला सकते हैं। डायबिटीज और हाइपरटेंशन के मरीजों को इन पत्तों का जरूर सेवन करना चाहिए।

**कैसे करें करी पत्ते का इस्तेमाल**

करी पत्ते का नियमित सेवन इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं को उत्तेजित करने में मदद कर सकता है। ये कोशिकाएं ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद करती हैं। इसे आप बासी मुंह चबा सकते हैं या विभिन्न व्यंजनों में शामिल कर सकते हैं।

# लाइन पर काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी की करंट से दर्दनाक मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम



**मुरैना।** एक बार फिर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। खड़ियाहार में विद्युत विभाग का कर्मचारी परमिट पर लाइन का मेंटेनेंस करने चढा हुआ था, उसी समय लाइन में करंट प्रवाहित होने से आउटसोर्स कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई और वह वही चिपका रह गया। यह विद्युत विभाग का कर्मचारी ग्राम उमरिया का रहने वाला है। सिहोंनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है, मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद खडियाहार मैं उत्तेजित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और काफी देर बाद अधिकारियों के पहुंचने और आश्वासन के पश्चात जाम खोला गया। मुरैना जिले में विद्युत से संबंधित कई सारी परेशानियों का सामना आम जनता को आए दिन करना पड़ रहा है, कहीं लाइट के खुले तार हैं, तो कहीं विद्युत ट्रांसफार्मर से छेड़खानी करते हुए लोग अक्सर दिखाई देते हैं, जोकि साक्षात मौत को गले लगाने जैसा है। गुरुवार कि सुबह ऐसी ही एक दुर्घटना मुरैना जिले के खडियाहार क्षेत्र में हो गई। जिसमें एक बार फिर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि जब विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी मातादीन तोमर लाइन का मेंटेनेंस करने चढा हुआ था, उसी समय लाइन में करंट प्रवाहित होने लगा और मातादीन तोमर उस करंट की चपेट में आ गया और तड़प-तड़प कर उसकी वही डीपी पर ही मौत हो गई। यह विद्युत विभाग का आउट सोर्स कर्मचारी ग्राम उमरिया आईकी का रहने वाला था। सिहोंनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। खड़ियाहार में उत्तेजित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया जो काफी देर तक चला और आवागमन प्रभावित हो गया। काफी देर बाद जब विद्युत विभाग एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा समझाईश के बाद आश्वासन मिलने पर जाम खोला गया। इस घटना में सीधे-सीधे विद्युत विभाग की लापरवाही साफ नजर आ रही है और विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी बात करने तक को राजी नहीं तथा जिस से ही बात करो वह अनभिज्ञता जाहिर कर रहा है।

## यातायात थाने के पास रखी गुमटी में भीषण आग

**मुरैना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के यातायात थाने के पास देर रात गुमठी में भीषण आग लग गयी। आग लगने से अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर सिविल



लाइन थाना पुलिस और सिटी कोतवाली का पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया गया, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब 2 बजे अज्ञात कारणों के चलते गुमठी में आग लग गई और धू-धू कर गुमठी जल गई, तभी रात्रि गश्त कर रहे सिविल लाइन टीआई प्रवीण चौहान ने गस्ती भ्रमण के दौरान मौके पर जाकर देखा तो यातायात थाने के पास रखी गुमठी मैं भीषण आग लग हुई थी। थाना प्रभारी ने सिविल लाइन थाने से हंड्रेड डायल गाड़ी को बुलाया और सिटी कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनों थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड की मदद से गुमठी में लगी आग को बुझाया गया। फिलहाल पुलिस आग के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई हैं। बताया जाता है कि घूमती में सिगरेट बीड़ी बंडल तंबाकू की पाउच आदि भरे हुए थे।

## रछेड़ चौराहे से शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन दिया

**अम्बाह।** रछेड़ गांव के चौराहे पर कुछ दिन पहले खोली गई शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर विधायक कमलेश जाटव को आज आम जनता ने ज्ञापन दिया है। इस दौरान भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष



सुरेंद्र सिंह तोमर कक्का ने बताया कि कुछ दिन पूर्व शराब की दुकान रछेड़ चौराहे पर खोल दी गई है। इसे बंद कराने के लिए आमजन व्दारा प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन दुकान बंद नहीं हुई है, जिससे यहां आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं। गांव की ज्यादातर आबादी मेहनत मजदूरी करती है। उनकी दिन भर की मेहनत की कमाई शराब में चली जाती है। इससे उनके परिवारों पर आर्थिक संकट छाया हुआ है। दो दिन पूर्व भी आमजनता ने प्रदर्शन किया था, तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया कि दुकान हटवाने के संबंध में आबकारी अधिकारी से बात की जाएगी, लेकिन अभी तक दुकान को नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने विधायक कमलेश जाटव से शराब की दुकान हटवाने की मांग की है। इस मौके पर मनीष सिंह तोमर, सचिन सिंह तोमर, शरद सिंह तोमर, बंटू, सत्यराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## 13 से 16 वर्ष के खिलाड़ियों का रायफल, पिस्टल और शॉटगन चयन ट्रायल

**मुरैना।** रायफल, पिस्टल और शॉटगन विद्या में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए पहली बार चम्बल संभाग के अन्तर्गत जिला मुरैना में प्रतिभा चयन ट्रायल होने जा रही है। जिसमें आज 6 मई को चयन ट्रायल प्रातः 10 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना में रखा गया है। संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भोपाल में संचालित म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड शहर व गाँव के 13 से 16 साल तक के (01 मई 2022 की स्थिति में) खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकेंगें। प्रशांत कुशवाह ने बताया कि चम्बल संभाग के अन्तर्गत मुरैना, श्योपुर, भिण्ड जिले के रायफल, पिस्टल एवं शॉटगन विद्याओं में रूचि रखने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को चयन ट्रायल के खिलाड़ी को चयन ट्रायल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है।

## अमृत सरोवर के तालावों का निर्माण कटोरा टाइप का होना चाहिये: कार्तिकेयन

### कलेक्टर नेमुरैना जनपद के नवीन निर्माणाधीन तालावों का किया निरीक्षण




**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश में अमृत सरोवर के तहत तालावों का निर्माण कार्य जिलों में युद्ध स्तर पर जारी है। इसके तहत कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने बुधवार को मुरैना विकासखण्ड के नवीन निर्माणाधीन 6 तालावों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेन्सियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि अमृत सरोवर तालावों का आकार कटोरा टाइप का होना चाहिये, जिसमें पानी पूर्ण क्षमता के साथ रूक सके। उन्होंने मुरैना जनपद के ग्राम जारह, केंथरी, गौसपुर के रतन सिंह का पुरा, पालीखार, पचोखरा और पढावली में निर्माणाधीन तालावों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, जनपद सीईओ मुरैना शेलेन्द्र सिंह यादव, सिंचाई विभाग के एसडीओ सहित जनपद के निर्माण एजेन्सी एवं संबंधित ग्रामों पंचायतों के सरपंच, सचिव तथा रोजगार सहायक उपस्थित थे। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने कहा है कि तालावों की क्षमता कम से कम 10 हजार क्यूसेक पानी भरने से कम नहीं होना चाहिये। कोई भी तालाव एक हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल में नहीं बनाया जाये। उन्होंने कहा कि तालाव में आने वाले बहाव का मिलान बीच तालाव पर हो, तालाव निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताई बर्दाश्त नहीं होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है प्रत्येक गांव में 75-75 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन पेड़ों को इन तालावों के पास लगाया जाये तो भूमि का कटाव रूकेगा और पर्यावरण में भी सुधार होगा। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिये अभी से गड्डे खोद दिये जायें, जिससे बरसात के समय पानी जमीन पी सके। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि तालाव के दोंनो ओर पिचिन बनायी जाये और पाल को लंबाई में बनाया जाये, दोंनो तरफ से यह निर्माण एजेन्सी अवलोकन करें। तालाव का निर्माण ऐसा बनें कि तालाव से सीपेश न हो।

## शराबी भाइयों के आतंक से त्रस्त मोहल्ला वासियों ने दिया थाने में आवेदन



**अंबाह।** तालाब के पास रहने वाले मोनू तोमर सहित आसपास के लोगों ने आवेदन और पंचनामा बनाकर थाना अंबाह में दिया है जिसमें दो भाईयों पर मोहल्ले में आतंक फैलाने का आरोप लगाया गया है। मोनू तोमर एवं अन्य लोगो व्दारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि वह भूमिया रोड तालाब के पास का निवासी है। 4 मई को समय दोपहर एक बजे वह अम्बाह बाजार को जा रहा था, तभी टंकी के पास अपने घर पर बैठे मनीष और अजय पुत्रगण रामदास जाति बाल्मीक दोनो भाई मुझे मिले और मुझ से गालियां देकर शराब के लिये 200 रूपये मांगने लगे। मोनू के अनुसार उसने जब पैसे देने से मना किया तो दौनों बोले अगर तू हमें पैसा नही देगा तो तुझे झूठे हरजिन एक्ट के मामले में फंसवा देगे और हम लोग अपने हाथ से फांसी लगाकर मर जायेगे और तेरा नाम लिखवा देंगे और तुझे जेल भिजवा देगे। मोनू के अनुसार वह बडी मुश्किल से अपने घर चला आया लेकिन वह दोनो फिर रात्रि में आकर हमारे दरवाजे पर लेट गये और कुन्दी खटखटाने लगे। दौनों दीवाल में सिर दे रहे थे ताकि चोट लगने से वह दौंनो मेरे नाम से थाने में असत्य रूप से रिपोर्ट दर्ज कर सकें। मोनू से पुलिस को बताया कि दोनों आये दिन हमें रात्रि में सोने भी नही देते है और परेशान करते है। इसी तरह के आवेदन मोहल्ला के अन्य लोगों ने भी थाने में दिए जिसमें अजय एवं मनीष द्वारा परेशान करने की बात कही गई।




## कन्या शाला रोड पर 13 लाख की लागत से बनेगा नाला, एसडीएम ने किया भूमि पूजन

**अम्बाह।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक एक क्षेत्र में कन्या शाला रोड से उसेद घाट मार्ग तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका गुरुवार को भूमिपूजन किया गया। नाले का भूमिपूजन होने से क्षेत्र की जनता में काफी खुशी का महौल रहा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यरूप से एसडीएम राजीव समाधिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा ने बताया कि कन्या शाला इलाके में पुराना नाला क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके चलते जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। नाले



का पानी सड़क पर आ रहा था। नागरिकों की इसी समस्या को दूर करने के लिए लगभग 300 मीटर नाले का निर्माण इस इलाके में नगर पालिका व्दारा कराया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग 13 लाख रुपए है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि बरसात से पूर्व नाले का निर्माण हो जाएगा, जिससे बरसात के समय लोगों को परेशानी नहीं आएगी। रामनिवास शर्मा ने कहा कि यह नाला आरसीसी का होगा, जिसमें समय-समय पर सफाई के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

इस मौके पर एसडीएम राजीव समाधिया ने भूमि पूजन कर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री समाधिया ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नाले एवं नालियों में गंदगी ना डालें, पॉलीथिन का भी उपयोग ना करें। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि आने वाले समय में बरसात के सीजन में सभी नागरिक पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण का कार्य करें।

## भाजपा नेता गजेंद्र सिंह तोमर ने कहा क्षतिग्रस्त पुलिया पर जान जोखिम में डालकर निकल रहे वाहन, जल्द कराई जाए दुरुस्त

**अंबाह।** पूठ रोड उसेद घाट मार्ग पर कई दिनों से टूटी पड़ी पुलिया के चलते लोगों को आमजन को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वाहन चालकों को अपने वाहनों को पैदल उतरकर निकालना पड़ रहा है। राहगीरों व वाहन चालकों को सबसे बड़ी चिंता यह सताए जा रही है कि दो महीने बाद बरसात शुरू होने वाली है और उस समय और भी हालात खराब होंगे। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह तोमर ने एसडीएम राजीव समाधिया से कही। श्री तोमर ने एसडीएम को बताया कि यह पुलिया कई महीनों से टूटी पड़ी है। ठेकेदार ने इस पुलिया का निर्माण घटिया स्तर का किया था,



जिसके चलते हैं यह पुलिया कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गई और अब इस ओर संबंधित विभाग एमपीआरडीसी का ध्यान नहीं है। स्थिति यह है कि पुलिया टूटने के कारण लोग यहाँ से निकलने को परेशान हो रहे है जिस स्थान पर पुलिया टूटी है, वहां प्रतिदिन इस मार्ग से सैकड़ों वाहन निकलते हैं। वहीं अभी गर्मियों में तो नाले में पानी नहीं है जिसके चलते लोग अपने वाहन निकाल रहे हैं, लेकिन थोडी सी भी बारिश हो जाती है तो पानी का भराव होने के कारण वाहनों का निकालना बंद हो जाएगा। गजेंद्र सिंह तोमर ने एसडीएम को बताया कि इस मार्ग पर अनेक गांव का रास्ता होने के साथ-साथ मैरिज गार्डन एवं स्कूल जाने का रास्ता भी है छोटे-छोटे स्कूली बच्चे आते जाते हैं। वहीं स्कूल के वाहन भी इधर से गुजरते हैं, अगर समय रहते पुलिया ठीक ना हुई तो कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। एसडीएम श्री समाधिया ने जल्द ही संबंधित विभाग से बात कर कार्य पूर्ण होने की बात कही।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





**इंदौर**–शपथ विधि समारोह आरंभ का आयोजन अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शाखा महू द्वारा किया गया।शपथ विधि समारोह में सशक्त नारी सम्मान,श्रमिकों का सम्मान,कृपालय वृद्धाश्रम में प्याऊ का उद्घाटन,योगा डांस बच्चों के द्वारा,पांच बहनों के द्वारा नेत्रदान की घोषणा की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ शुरू हुआ स्वागत डांस सुनीता बेदी ने किया।शपथ अधिकारी मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष सम्मानीय श्रीमती माया जी सिंहल ने शपथ दिलाई और ताजपोशी की।विशेष अतिथि प्रांतीय सचिव सम्मानीय श्रीमती किरण जी गर्ग उपस्थित थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वत मान अध्यक्ष किरण गोयल ने अध्यक्ष सरिता खंडेलवाल,सचिव राजकुमारी अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सविता खंडेलवाल को पिन लगाकर पदभार सौंपा कार्यकारिणी और प्रकल्प प्रमुख समिति प्रमुख सभी को शपथ दिलाई गई उपाध्यक्ष उमा गोयल,सहसचिव सरोज मित्तल,महिला सशक्तिकरण शकुंतला विजयवर्गीय,पर्यावरण रेणुका अग्रवाल,नेत्रदान अंगदान उषा विजयवर्गीय,रक्तदान देहदान निर्मला यादव,सदस्यता विस्तार समिति भावना रूनवाल,स्वास्थ्य सेवा समिति स्वाति शारदा,वित्त प्रबंध समिति अंजना बाहेती,संबंध समन्वय समिति सत्यभामा अग्रवाल,अध्यात्म चिंतन समिति मीनाक्षी अग्रवाल,साहित्य समिति श्रीमती पदमा सोडाणी,और अन्य कार्यकारिणी सभी को शपथ दिलाई गई।अध्यात्म को योग से जोड़ते हुए शंकरा ओ शंकरा गीत पर बालिकाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे योग शिक्षिका ममता जी कौशल द्वारा बालिकाओं को सिखाया गया।श्रीमती मंजुला जी शर्मा ने स्वयं की राशि से वृद्ध आश्रम कृपालय मे बोरिंग करवाई।राष्ट्रीय स्वयं सेविका श्रीमती साधना जी शर्मा ने जरूरत मंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, व स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ पर प्रकाश डाला,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री रेखा जी चौहान,बैसाखी पर चलकर भी 100त्नकार्य कर रही है व श्रीमती छाया जी परमार येसी सशक्त महिलाओं का श्रीफल व मोतियों की माला से सम्मान किया गया।श्रमिक दिवस पर स्थानीय श्रमिकों का सम्मान वस्त्र,मिठाई और श्री फल देकर किया।गवली पलासिया कृपालय वृद्धाश्रम में वृद्धो को एनर्जी ड्रिंक के पैकेट वितरित किए स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी प्रत्येक व्यक्ति के कमरे में ठंडे पानी की मटकी रखी,राहगीरों के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगवाई वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्षा अंशु जी गुप्ता, पूर्व प्रांतीय अध्यक्षा शीला जी बंसल,झोन प्रमुख करूणा जी लोहारिया,प्रान्तीय सह कोषाध्यक्ष चंचल जी अग्रवाल, महू शाखा संस्थापीका शकुंतला जी ढोली, पद्मा जी सोडानी, व सभी शाखा की सखियाँ उपस्थित थी नई कार्यकारिणी गठन व सफल आयोजन की सभी ने बधाईयाँ दी।कार्यक्रम का संचालन राजकुमारी अग्रवाल और अनीता खंडेलवाल ने किया आभार सरोज मित्तल ने माना इस कार्यक्रम में शाखा की सभी सखियाँ शामिल हुई।

## पूर्व दस्यु सम्राट स्वर्गीय श्री मोहर सिंह गुर्जर की पुण्यतिथि के अवसर पर मेहगांव सामुदायिक अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**भिण्ड।** इस दौरान चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मरीजों को फल वितरण किए गए ज्ञात हो कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. श्री मोहर सिंह गुर्जर का 5 मई 2020 को 92 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था स्वर्गीय श्री मोहर सिंह गुर्जर मेहगांव नगर पालिका के निर्विरोध अध्यक्ष रहे इस दौरान उन्होंने गरीब पिछड़े एवं सर्व समाज के लिए विभिन्न प्रकार के विकास कार्य किए जिनको जनता आज भी याद करती है इस दौरान जगदीश सिंह गुर्जर ,विशंभर सिंह गुर्जर, नवल पहलवान, सत्तू गुर्जर, महेंद्र सिंह , के पी गुर्जर, सत्येंद्र , छुन्ना गुर्जर, संजू गुर्जर, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

## जनपद कन्नौज विकास खंड सौरिख



**राजेश कुमार रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**कन्नौज।** ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के ब्लाक प्रमुख आदरणीय श्रीमती कपूरी देवी बाथम जी की धर्मपत्नी कमलेश कुमार बाथम जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र सिंह शाक्य आदि भी सम्मिलित रहे पुष्पांजलि टुडे पत्रिका भेंट करते हुए

## परिहार खंगार समाज के अक्षय तृतीया के सामूहिक विवाह सम्मेलन हुए



**अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी।** खंगार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ कहते हैं कि समाज सेवा के क्षेत्र में जोश और जुनून होना जरूरी है इसी कड़ी को अपनाते हुए युवा टीम में बरसों से क्षेत्र में सक्रिय रह रहे एवं अपनी अलग पहचान बनाने वाले अरुणखंगार सोनीपुरा पोहरी के द्वारा अक्षय तृतीया के सामूहिक विवाह सम्मेलन के अवसर पर कन्या विदाई की रस्म अदा करते हुए उन्होंने सभी बहनों को 2 दर्जन से अधिक घड़ी सप्रेम भेंट की और बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया एवं इस मौके पर उनके साथ पूरी युवा टीम के कार्यकर्ता एवं सम्मेलन समाज समिति के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी उपास्थि रहे

## दतिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया एवं श्रम विभाग दतिया के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया7**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया के निर्देशानुसार आज दिनांक- 05 मई 2022 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया एवं श्रम विभाग दतिया के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश के पालन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया द्वारा श्रम विभाग के सहयोग से पटवारी फॉर्म हाउस के पास कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में मजदूरो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,एवं विभिन्न प्रकार की जांच भी की गई।दतिया मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा मजदूरों का ब्लड प्रेशर,शुगर जैसी अन्य प्राथमिक जांच एवं उपचार किया गया।



श्री रोहित श्रीवास्तव न्यायाधीश दतिया द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में मजदूरों को जानकारी देते हुए बताया कि गरीबी उन्मूलन योजना का लाभ प्रत्येक श्रमिक को मिलना चाहिए एवं नालसा असंगठित क्षेत्र श्रमिक योजना 2015 का लाभ लेने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया में संपर्क करें। श्री बी0एम0 सिंह जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 14 मई 2022 को तहसील स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, किसी भी व्यक्ति का कोर्ट में मामला लंबित है या कोई भी मामला जो मध्यस्थता के माध्यम से निपटाना चाहते हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया में आकर संपर्क कर सकते हैं।सुश्री निशा जहांन से लेवर इंस्पेक्टर दतिया द्वारा मजदूरों को जानकारी देते हुए बताया कि असंगठित श्रमिकों के लिए पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना से अत्याधिक संख्या में पंजीयन कराए जाने हेतु मजदूरों को जानकारी प्रदान की गई,विभिन्न दुकानों और संस्थानों पर कार्य करने वाले श्रमिको के लिए जिनकी आय 15000 से कम है,एवं जिन शासन द्वारा प्रदत भविष्य निधि आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं है,उनके लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के तहत ?3000 न्यूनतम पेंशन दी जाएगी। उक्त आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में।

## लापरवाही के चलते एक और विधुत कर्मी की मौत

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजलीं टुडे**

**अंबाह।** मामला सिहौनियां थाना क्षेत्र के खड़िया हार फीडर का। ग्रामीणों ने किया चक्का जाम जानकारी अनुसार। मातादीन पुत्र ज्ञान सिंह तोमर उम्र 25 साल सुबह आठ बजे घुरघान पंप की लाइन पर काम कर रहे थे। इसी बीच करंट लगने से वह डी पी के ऊपर ही गिर गए और वहीं मौत हो गई। जब घटना की जानकारी मिलते ही सिहौनियां थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब मृत शरीर को ऊपर लाइन से नीचे उतरा गया। ग्रामीणों



ने सिहौनियां मार्ग पर चक्का जाम कर रोष प्रदर्शन किया। । इस विषय पर जानकारी के लिए खड़िया हार फीडर कनिष्ठ अभियंता को 7879443062 पर मामला जानने का प्रयास किया तो उनका फोन बंद बताया जा रहा था। । इनका कहना। सुबह आठ बजे के लगभग हमारे यहां से घुरघान पंप लाइन पर काम करने के लिए माता दीन के द्वारा परमिट लिया गया था। हमने 11केवी लाइन को बंद कर दिया था। क्यो कि 33केवी और 11 केवी लाइनों का तीव्रता पूर्ण कंरट लगने से शरीर काला और झुलस जाता है। यह कहीं से बाइ पास का 440का करंट दौड़ने से हादसा हुआ है।। रंजीत सिंह आपरेटर खड़िया हार।

## मुरैना एसपी आशुतोस बागरी ने किया मुरैना शहर थानो का औचक निरीक्षण

**केशब पंडित जी अम्बाह**




**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक आशुतौष बागरी ने गुरुवार को अचानक मुरैना शहर थानो में पहुंचकर जहा उन्होंने थानो व पॉइन्टो का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुरैना शहर के सभी प्रभारियो से अपराध और अपराधियों के संबंध में जानकारी हासिल की तथा थाना क्षेत्र फरार इनामी बदमाशों की लिस्ट मांगी साथी ही तत्काल गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान अपनी अपनी वर्दी पहनकर आएं वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से कहा की गिरफ्तार किये हुए अपराधीयो को अंदर करने से पहले उनकी अच्छे से तलाशी ले इसके बाद उन्हें लॉकअप में बंद करें ओर भी कई बिंदुओं पर चर्चा कर आज शाहलग मे जाम न लगे तो स्वंम मेन पॉइन्टो पर पहुच कर बिधिबत बाहनो का आना जाना सुनिस्चित कर पहली बार मुरैना में जाम जैसी अडचन न देखने को मिली

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 169 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे




**बालाघाट।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का 06 मई 2022 को किरनापुर आगमन हो रहा है। स्वर्गीय दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में आयोजित कार्यक्रम में वे बालाघाट जिले के 168 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। इस अवसर पर जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेले एवं आजीविका मिशन की महिलाओं का सम्मेलन भी आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान किरनापुर में आयोजित कार्यक्रम में बालाघाट जिले में विभिन्न विभागों द्वारा पूर्ण किये गये 136 करोड़ रुपये की लागत के 27 निर्माण कार्यो का लोकार्पण करेंगें। इनमें म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 16.52 करोड़ रुपये की लागत के 04 कार्य, म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड का 84.09 करोड़ रुपये का एक कार्य, लोक निर्माण विभाग पीआईयू के 8.25 करोड़ रुपये की लागत के 08 कार्य, जल संसाधन सर्वेक्षण विभाग के 16.62 करोड़ रुपये की लागत का एक कार्य, लोक निर्माण विभाग के 6.04 करोड़ रुपये की लागत के 07 कार्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 3.93 करोड़ रुपये की लागत के 06 कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा इस कार्यक्रम में 33 करोड़ रुपये की लागत के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा । इनमें लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के 23.61 करोड़ रुपये की लागत के 02 कार्य, नगर परिषद कटंगी के 2.90 करोड़ रुपये की लागत के 02 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 3.39 करोड़ रुपये की लागत के 04 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग का 98.36 करोड़ रुपये की लागत का एक कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 01.12 करोड़ रुपये की लागत के 02 कार्य एवं महिला बाल विकास विभाग का 48 लाख रुपये की लागत का एक कार्य शामिल है ।

**बालाघाट जिले में किये गये नवाचार :** बालाघाट जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा विभिन्न रोजगारमूलक गतिविधियां की जा रही है। आजीविका मिशन की महिलाओं के 13 समूहों द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य किया गया है और 02 समूहों को गेहूं एवं चना उपार्जन का कार्य सौंपा गया है। बालाघाट जिले में नवाचार के तहत जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित 06 संस्थाजओं में एकलव्य विद्यालय, आदर्श आवासीय विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर में बच्चों के लिए मेस संचालन का कार्य सौंपा गया है। अब तक इन संस्थाओं में मेस संचालन का कार्य प्रायवेट लोगों द्वारा किया जाता था। लेकिन अब यह काम महिलाओं के समूहों ने अपने हाथों में ले लिया है।

**महिलायें रोड रोलर से लिखेंगी विकास की नई कहानी:** बालाघाट जिले में अब एक और नवाचार के तहत आजीविका मिशन की महिलाओं के समूहों की सड़क निर्माण कार्य में भागीदारी तय की जा रही है। जिले में महिलाओं के दो संकुल स्तरीय ग्राम संगठन को सड़क निर्माण में काम आने वाला रोड रोलर प्रदान किया जा रहा है। 06 मई को किरनापुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संगम महिला संकुल स्तरीय ग्राम संगठन परसवाड़ा एवं मातृधाम महिला आजीविका संकुल स्तरीय ग्राम संगठन लालबर्रा को रोड रोलर प्रदान किया जायेगा। मध्यप्रदेश में यह पहली बार हो रहा है, कि अब महिलाओं का समूह रोड रोलर चलाने का काम भी करेगा और महिलायें रोड रोलर के माध्यम से विकास की नई कहानी लिखेंगी। जिले में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया जाता है और निर्माण के समय उनमें रोड रोलर चलाना होता है। लेकिन रोड रोलर की कम उपलब्धता के कारण समय पर सड़क का निर्माण नहीं हो पाता है या रोड रोलर के अभाव में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है। लेकिन अब महिलाओं के ग्राम संगठन? को रोड रोलर मिलने से उनके लिए आय का जरिया उपलब्ध होगा और सड़क निर्माण कार्य में रोड रोलर की कमी नहीं होगी। इस तरह से बालाघाट जिले की आजीविका मिशन की महिलायें रोड रोलर की मालिक बन कर सड़क निर्माण के क्षेत्र में हाथ आजमायेंगी। इससे महिला समूहों के निर्माण क्षेत्रों में आने के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

**मनरेगा के अंतर्गत 2.77 करोड़ रुपये के फिशयार्ड स्वीकृत:** बालाघाट जिले में मनरेगा के अंतर्गत फिशयार्ड निर्माण के लिए नवाचार किया गया है और 02 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से जिले के 100 तालाबों में फिशयार्ड निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। फिशयार्ड निर्माण का कार्य भी प्रदेश में पहली बार बालाघाट जिले में प्रारंभ किया जा रहा है। फिशयार्ड में मछुआरों को अपने जाल एवं कपड़े सुखाने, मछलियों को उचित स्थान पर सुरक्षित रखने की सुविधा, रात्री विश्राम की सुविधा, लोकल कार्प मछलियों को सुखाने एवं स्मोकिंग की सुविधा, मछुआरों की बैठक आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। फिशयार्ड बनने से मछुआरे आत्मसम्मान के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगें और उनकी जीवन स्तर अच्छा हो सकेगा। बालाघाट मत्स्य उत्पादन के मामले में प्रदेश का अग्रणी जिला है। बालाघाट जिले में 01 हजार हेक्टेयर जल क्षेत्र में मत्स्य पालन का कार्य किया जाता है और इससे 25 हजार मत्स्य पालकों को रोजगार मिल रहा है। जिले में 2020 ग्रामीण तालाबों, 239 सिंचाई जलाशयों, 1265 निजी तालाबों एवं 685 मनरेगा के तालाबों से 2500 मेट्रिक टन मछलियों का उत्पादन किया जा रहा है। जिले में उत्पादित मछलियां पड़ोसी जिलों के साथ ही महाराष्ट्र के गोंदिया एवं नागपुर में भी विक्रय के लिए जाती है।

## सरकार की नई रेत नीति घाटे का सौदा बन गई है, रेत का अवैध खनन भी बढ़ा

# 19 जिलों में रेत खदानें बंद, सरकार को 250 करोड़ रुपए का लगा फटका

**भोपाल।** मोटी कमाई की आस में प्रदेश में लागू की गई नई रेत नीति उलटा घाटे का सौदा बन गई है। अब तक राज्य सरकार को 250 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा हो गया है। यही नहीं, रेत का अवैध खनन भी बढ़ गया है। पहली बार ऐसे हालात बने हैं कि रेत खदानों वाले 41 जिलों में से 19 जिलों में वैध खदानें ठेकेदारों ने छोड़ दी है। यह सभी कोर्ट चले गए हैं। इन खदानों से अवैध रेत खनन हो रहा है. सरकार इसे रोकने में नाकाम साबित हो रही है. जबकि, वर्तमान में अधिकृत रूप से केवल 23 जिलों में रेत का वैध उत्खनन हो पा रहा है।



### नीति की यह खामी बनी गले की फांस

तत्कालीन कांग्रेस सरकार वर्ष 2019 में नई रेत नीति लाई थी. इसके तहत हुए 41 जिलों में 1200 करोड़ रुपए में रेत के ठेके हुए थे. बाद में स्थिति उलटी पड़ गई. कोरोना काल के चलते 40 फीसदी ठेकेदार भाग गए. हालांकि कांग्रेस का आरोप है कि ठेकेदारों को दवाब डालकर भगा दिया गया. अब इनमें से कई जगह भाजपा नेता अवैध रेत उत्खनन कर रहे हैं. हालांकि, खनिज विभाग का दावा है कि अब ऐसे जिलों में नए सिरे से टेंडर करवाए जा रहे हैं।

### इसलिए नहीं हो पा रहे हैं टेंडर

ठेकेदारों ने जब ठेके छोड़े तो राज्य शासन ने रेत नीति में कुछ संशोधन किए थे. इसके बाद फिर से टेंडर भी जारी किए गए, लेकिन ठेकेदारों ने रूचि नहीं दिखाई. वहीं, हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट डीसीआर निरस्त होने से खदानें बंद पड़ी है. अब यहां फिर से टेंडर बुलाना पड़ेंगे. प्रदेश में होशंगाबाद, रायसेन, पन्ना, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, भिंड, छतरपुर, धार, राजगढ़, जबलपुर, दमोह, शिवपुरी, बड़वानी, अलीराजपुर, आगर-मालवा, टीकमगढ़, खरगौन में रेत खदानें नई सिरे से होना बाकी है।

### 35 हजार रुपए तक मिल रही है एक डंपर रेत

लगभग प्रदेश के 40 फीसदी खदाने वाले जिलों में रेत खदान बंद होने से महंगी होने लगी है. रॉयल्टी के हिसाब से 17 हजार रुपए में एक डंपर पड़ जाता है. लेकिन बाजार में एक डंपर रेत लगभग 31 हजार से 35 हजार रुपए तक पहुंच चुकी है. रेत के सप्लायर डीजल और दूरी को जोड़कर दाम कम-ज्यादा कर रहे हैं।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीओं का चैन्नई एरपोर्ट पर किया स्वागत



**पुष्पाजंली टुडे**
**चैन्नई** :- भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयप्रकाश जैन वह भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री एस. मुकुन्द मिश्रा आज शाम नई दिल्ली से फ्लाईट से चैन्नई पहुंचने पर तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव कल्याणराम हाम्बड़ सीरवी ने चैन्नई एरपोर्ट पर शॉल ओंढाकर स्वागत किया गया ।

## महेंद्र मुणोत को मैसूर पेटा व शॉल ओंढाकर किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे बेंगलूर** :- गुरूवार मागड़ी रोड़ कामाक्षी पाल्या आनंद धामा पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मारुति विद्या मंदिर कामाक्षी पाल्या में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार एवं सचिव थिम्मप्पा ने मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को मैसूर पेटा व शॉल द्वारा सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित हुए


## खेलते वक्त गिरी बच्ची के गले में घुसा सरिया



रायसेन। अपने घर की छत पर खेल रही बच्ची खेलत-खेलते अचानक नीचे सरिया पर गिर गई। इससे सरिया बच्ची के गले में घुसते हुए आर-पार हो गया। गनीमत रही सरिये ने नाजुक अंगों को चोट नहीं पहुंचाई और बच्ची सांस ले पा रही है। जब बच्ची के गले से सरिया नहीं निकला तो सरिया को काटकर बच्ची को उपचार के लिए भोपाल एम्स पहुंचाया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। यह हादसा जिला मुख्यालय से 120 किमी दूर औबेदुल्लागंज तहसील मुख्यालय पर अर्जुन नगर में हुआ। बताया जाता है कि अंजलि पुत्री गोपाल राय उम्र 10 वर्ष छत से साइकिल चलाते समय नीचे गिरी। नीचे रखा लोहे का सरिया गले में घुस गया।

## थाना महाराजपुरा पुलिस ने तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर तीन चोरी की घटनाओं का किया खुलासा

# पकड़े गये चोरों से 02 लाख रूपये कीमत का मशरूका किया बरामद







**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वलियर पुलिस द्वारा चोरी, नकबजनी के आरोपियों के धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश किसी गंभीर बारदात को अंजाम देने की नीयत से भदरौली रोड पर स्थित मॉडल स्कूल के पास खड़े है। उक्त सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य श्री अभिनव चौकसे,भापुसे को थाना बल की टीम बनाकर उक्त सूचना की तस्दीक करते हुए बदमाशों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन *नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया* के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुरा निरी0 प्रशांत यादव के नेतृत्व में थाना बल की टीम बनाकर उसे मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान भदरौली रोड मॉडल स्कूल के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखाई दिये, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा तीनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्धों से पूछताछ करने पर उन्होने थाना महाराजपुरा क्षेत्र में तीन चोरी की बारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उन्होने बताया कि उनके द्वारा *दिनांक 18.02.2022 की रात में* बीना विहार कॉलोनी स्थित एक मकान से सोने-चांदी के जेवर, दिनांक 21.03.2022 की रात में शताब्दीपुरम् एस ब्लॉक स्थित मकान का ताला तोड़कर वहां से एक सोने की चैन, दो अंगूठी, नगदी तथा दिनांक 22.03.2022 की रात में शताब्दीपुरम् स्थित एक निर्माणाधीन मकान से नल की टोंटी, नल फिटिंग का सामान, ग्राईंडर मशीन, कटर व अन्य सामान चोरी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोरों की निशादेही पर उनके पास से चोरी गई *एक सोने की चैन, 04 सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, बिछिया, ग्राईडर मशीन, कटर, नल की टोंटी व बिजली बल्ब सहित अन्य सामान कीमती लगभग 02 लाख रूपये* का बरामद कर जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा इन चोरों को गिरफ्तार कर थाना महाराजपुरा के तीन चोरी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए चोरी गये मशरूके को बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों से जिले में हुई अन्य चोरी की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### बरामद मशरूका

एक सोने की चैन, 04 सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, बिछिया, ग्राईडर मशीन, कटर, नल की टोंटी व बिजली बल्ब सहित अन्य सामान कीमती लगभग 02 लाख रूपये। सराहनीय भूमिकाः उक्त चोरों को पकड़ कर मशरूका बरामद करने में थाना प्रभारी महाराजपुरा निरी0 प्रशांत यादव, उनि मुनेन्द्र सिंह, प्रआर0 प्रमोद त्रिपाठी, गजेन्द्र भदौरिया, रामौतार तोमर, आर0 भीकम सिकरवार, राहुल दुबे, नागर सिंह गुर्जर, कुलदीप तोमर, विजय बघेल की सराहनीय भुमिका रही।



## सिवनी की घटना पर बोले गृहमंत्री मिश्रा-गोमांस से जुड़ा है मामला

**भोपाल।** सिवनी जिले के सिमरिया गांव में आदिवासी समाज के दो लोगों की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा का बयान आया है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रथमदृष्ट्या यह मामला गोमांस से जुड़ा बताया जा रहा है। मामले में 13 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं पीड़ित परिवार को आठ लाख 25 हजार रुपये की सहायता दी है। घायल को भी 75 हजार रुपये की सहायता दी है। गृहमंत्री ने बताया कि दो परिवार में एक बेटा और एक बेटी को अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है। आरोपितों के बजरंग दल से जुड़े होने के सवाल पर डा. मिश्रा ने कहा कि अभी तक की जांच में ऐसा कुछ नहीं आया है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल पर डा. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की रिपोर्ट तो पहले से पता है। अचंभा इस बात का है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष किसी मामले में कहीं जाते नहीं मिलेंगे। उन्होंने सिवनी की घटना की जांच के लिए कांग्रेस की ओर से भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ को शामिल किए जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद चला गया। अध्यक्षीय पद पर भी संकट के बादल हैं। ऐसे में कमल नाथ बेटे को प्रोजेक्ट कर रहे हैं, तो इसमें क्या बुराई है। कांग्रेस में परिवारवाद की परंपरा है। इसलिए अध्यक्ष के नाते वह परिवार को आगे बढ़ा रहे हैं।

## सड़क पर सब्जी बेचने वाली बेटी बनी न्यायाधीश

**इंदौर।** शहर का तंग इलाका मूसाखेड़ी, जहां की तंग गलियों से गुजरते में शहर का संभ्रांत वर्ग बचता है। इसी मूसाखेड़ी की सीताराम पार्क कालोनी में रहने वाली एक बेटी ठेले पर सब्जी बेचकर अपने परिवार का पेट पालने की जुगत में लगी रहती थी। सब्जी तोलते हुए निगाह में न्याय की देवी की मूर्ति थी। मगर न कोई राह दिखाने वाला था, न महंगी कोचिंग में पढ़ने की हैसियत थी। मगर जज्बा था हार न मानने का... आखिर इस बेटी की मेहनत रंग लाई और अब मूसाखेड़ी की इन्हीं तंग गलियों में रहने वाली अंकिता नागर न्यायाधीश बन गई है।

29 साल की अंकिता जब अपने जज बनने की कहानी बताती हैं, तो उनके चेहरे पर संघर्ष से सफलता की चमक नजर आती है। अब वह 'माननीय' बन चुकी हैं। अंकिता बताती हैं, मेरे माता-पिता ने सब्जी बेचकर परिवार का पेट पाला। शाम के समय जब ग्राहकों की भीड़ होती है तो मैं भी उनकी मदद के लिए सब्जी के ठेले पर पहुंच जाती हूं। पिता अशोक नागर सुबह पांच बजे उठकर मंडी सब्जी लेने चले जाते थे। चाहे तेज बारिश हो या ठंड, वे घर से निकल जाते थे। वहीं मेरी मम्मी लक्ष्मी सुबह आठ बजे उठकर घर का काम करने में जुट जाती थीं क्योंकि बाद में उन्हें पिता के साथ सब्जी बेचने में हाथ बंटाना होता था। मेरे माता-पिता खासकर मम्मी की इच्छा थी कि मैं पढ़ाई करूं और आगे बढ़ूं।



### दो प्रयासों में रहीं असफल

अंकिता बताती हैं, मैं दो प्रयास में असफल रही। सभी को लगा कि जज नहीं बन सकूंगी, लेकिन मैं हिम्मत हारने वालों में से नहीं हूं। आखिरकार तीसरी बार में सफलता हासिल की। 29 अप्रैल को परिणाम आया और इसके बाद सबसे पहले मां के गले लगकर उन्हें बधाई दी और कहा मां मैं जज बन गई हूं।

## डीजे पर नाचने को लेकर हुआ विवाद, भिड़े घराती-बराती, आठ घायल

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बमुरिया फूट में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर बरातियों और वधू पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है।

## बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल

उज्जैन। नागदा के ग्राम रजला व टूटियाखेडी के बीच कच्चे रास्ते पर चेकिंग के दौरान बुधवार रात करीब 1:30 बजे बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। मौके से दो आरोपित फरार हो गए, जिन पर एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

एडिशनल एसपी आकाश भूरिया ने बताया कि जिले में कंजर गिरोह के बदमाश लगातार घरों में चोरी तथा मोटर साइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वारदात के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी सामने आए हैं। बुधवार रात को नागदा थाना प्रभारी श्याम चंद शर्मा व पुलिस टीम ग्राम रसूलाबाद टूटिया खेड़ी के बीच कच्चे रास्ते पर गश्त कर रही थी। उसी दौरान एक बाइक पर तीन बदमाश आए और पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने करीब 8 राउंड गोलियां चलाई थी। जवाबी कार्रवाई के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक कंजर घायल हो गया तथा दो आरोपित मौके से फरार हो गए। पकड़ाए आरोपी का नाम मिट्ठू कंजर उम्र 22 वर्ष निवासी लाखा खेड़ी ग्राम गंगधार झालावाड़ राजस्थान का रहने वाला है। वहीं दो फरार आरोपितों के नाम राकेश उर्फ जागीरा कंजर तथा उदय सिंह उर्फ बाबू कंजर है।



# सूर्या फाउण्डेशन का हुआ शिविर संपन्न



**अमित शर्मा पुष्पांजली टुडे**

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत ग्राम सिंघवारी में 10 दिवसीय लघु व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन कार्यक्रम में लेबर इंस्पेक्टर श्री अशोक पाठक जी , सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर के डीजीएम एचआर मुकुल राय ,सूर्या फाउंडेशन के सह जोन प्रमुख श्री शत्रुघ्न लाल जी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में श्री शत्रुघ्न जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के बच्चे कल का भारत। इस शिविर के माध्यम से बच्चे अपने व्यक्तित्व को निखारकर अच्छे चरित्र को अपने जीवन में धारण करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेबर इंस्पेक्टर अशोक शर्मा ने बताया कि संस्कार के कार्य का मुख्य बिंदु परिवार, या स्कूल ही नही है अपितु संस्कार का कार्य हर सामाजिक संस्थाओं की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए व्यक्ति का निर्माण का कार्य बहु आयामी होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डीजीएम एचआर श्री मुकुल राय जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बचपन में बच्चो को जो संस्कार दिए जाते है और बच्चे जो उनको ग्रहण करते है वे उनके पूरी जिंदगी की धुरी उसी संस्कारो के आस पास टिकी रहती है। लघु व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए , कराटे एवम पीटी का प्रदर्शन ग्राम वासियों के समक्ष किया कार्यक्रम में बच्चों को शिविर का सर्टिफिकेट एवम उपहार वितरित किए गए सूर्या फाउंडेशन के माध्यम से देश भर में लघु व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित किए जाते है । व्यक्तित्व विकास शिविर आगामी 17 मई से 26 मई तक सूर्या साधना स्थली झिंझोली सोनीपत हरियाणा में आयोजित किया जाएगा।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं सूर्या फाउंडेशन के श्री रवि तिवारी,अशोक कुमार, लायक राम,अनिल रजक धर्मेंद्र,हरेंद्र सिंह,राजीव शर्मा ,कविता रजक ,सत्यम ,महेश सिंह अनिल कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया पर भिड़े BJP विधायकों का झगड़ा भोपाल पहुंचा, बंद कमरे में हुई बात



**भोपाल।** टीकमगढ़ में भिड़े बीजेपी के दोनों विधायकों को भोपाल तलब कर लिया गया. दोनों को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने बुलाया. उनमें से एक हाजिर भी हो गए. बंद कमरे में प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात हुई. लेकिन बाहर निकल कर मीडिया के सवालों से बचते नजर आए।

हाल ही में 108 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाए जाने के विवाद में आपस में भिड़े बीजेपी के दो विधायक राहुल सिंह लोधी और राकेश गिरी को भोपाल तलब कर लिया गया. पूरे मामले पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने दोनों विधायकों को भोपाल बुलाया. भोपाल प्रदेश मुख्यालय पहुंचे बीजेपी विधायक राहुल सिंह लोधी ने प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा से बंद कमरे में मुलाकात की. माना जा रहा है कि इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष की ओर से सोशल मीडिया में दोनों विधायकों के बीच हुए विवाद को लेकर फटकार लगाई गई और उनसे सवाल-जवाब किए गए हैं. हालांकि जब इस मामले में बैठक के बाद राहुल सिंह लोधी से सवाल किया गया तो वह कुछ भी जवाब देने से बचते नजर आए। वही सोशल मीडिया में हुए दोनों विधायकों के विवाद पर प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने कहा पार्टी में जब भी कोई विवाद या मनमुटाव होता है तो बात करनी पड़ती है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्युत अभियंताओं एवं तकनीकी कार्मिकों को किया पुरस्कृत




ग्वालियर। मध्यप्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और कार्मिकों के 'आत्म-निरीक्षण' पर केन्द्रित तीन दिवसीय 'मंथन-2022' में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जबलपुर में पावर जनरेटिंग कंपनी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी और तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 42 अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों को पुरस्कृत किया। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी एवं समस्त विद्युत कंपनियों के चुनिंदा अभियंता और तकनीकी कार्मिक उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कार्यपालन अभियंता सर्वश्री अनिल कुमार सिंह, सहायक अभियंता चंदन कुमार, अजय कुमार करवरिया, रामराज पटैल और रीकेश कुबड़े, कनिष्ट अभियंता गोलू धुर्वे, संयंत्र सहायक विशाल मालवीय और राजेन्द्र बुनकर (सभी जनरेटिंग कंपनी) पुरस्कृत किया। उन्होंने कार्यपालन अभियंता राजेश्वर ठाकुर, राजेन्द्र सिंह राठौर, सुनील यादव, लेखाधिकारी प्रशांत कुमार दत्त, विधि अधिकारी सियाराम शर्मा, कनिष्ठ अभियंता आरिफ अहमद खान और लाइन सहायक रामदास राय (सभी ट्रांसमिशन कंपनी) को पुरस्कृत किया। कार्यपालन अभियंता सुभाष राय, हिमांशु अग्रवाल, खुशियाल शशिवंशी, सहायक अभियंता वरूण सारस्वत, हुकुम चंद यादव, दिनकर दुबे, नितीश प्रजापति और कनिष्ठ अभियंता अर्जुन सिंह (सभी पूर्व क्षेत्र कंपनी)। सहायक अभियंता शिवानी अग्रवाल, मुकेश जाटव, निरंजन सनोडिया, कनिष्ठ अभियंता चंद्रशेखर, साधना कोवर्ती, रंजीत भदौरिया, आदित्य सिंह यादव, तकनीकी कर्मी दिवेश गौतम, नारायण सिंह धाकड़ और कुबेर सिंह सोलंकी (सभी मध्य क्षेत्र कंपनी) तथा अधीक्षण अभियंता अनिल नेगी, डीएन शर्मा, संजय मालवीय, कार्यपालन अभियंता विनय प्रताप सिंह, सहायक अभियंता रवि मालवीय, आशीष कुमार तिवारी, नवीन गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता रवि वर्मा, आनंद कुरवंशी और मैनेजर आईटी विभोर पाटीदार (सभी पश्चिम क्षेत्र) को पुरस्कृत किया।

### ऊर्जा मंत्री ने तकनीकी कर्मियों के साथ भोजन करते हुए की सुख-दुख की बात



ग्वालियर। जब विद्युत कंपनियों के तकनीकी कार्मिकों के साथ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने परम्परागत पत्तल और दोने में सहभोज किया और साथ में गर्मी के इस मौसम में आम का पना और छाछ परोसी गई, तब तकनीकी कार्मिकों के चेहरे पर एक अद्भुत भाव देखा गया। ऊर्जा मंत्री भोजन करते हुए तकनीकी कर्मियों से उनकी मैदानी कठिनाईयों के बारे में बात करते रहे। तकनीकी कर्मियों को पहली बार ऐसा महसूस हुआ कि उनका मुखिया उनके साथ उनकी शैली में भोजन कर रहे हैं और सुख-दुख बांट रहे हैं। यह दृश्य था मध्यप्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और कार्मिकों के 'आत्म-निरीक्षण' पर केन्द्रित तीन दिवसीय 'मंथन-2022' के उद्घाटन दिवस पर तरंग प्रेक्षागृह में मध्यान्ह भोजन के अवसर का। श्री तोमर ने तकनीकी कार्मिकों की मूलभत सुविधाओं, सुझावों एवं विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृ?-सुगम बनाने की दिशा में विस्तृत चर्चा की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की यही विशेषता उनकी लोकप्रियता भी है कि वे विद्युत कंपनियों के उत्पादन, पारेषण एवं वितरण क्षेत्र के उन कार्मिकों तक पहुँचने का प्रयास करते हैं, जो कि अंतिम छोर तक के उपभोक्ता तक बिजली पहुँचाते हैं। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह और विद्युत कंपनियों के अन्य वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया फोगिंग

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज बुधवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्ला में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत आज जोन 24 वार्ड 65 में ओमविहार कॉलोनी, जैन कॉलोनी में फोगिंग कार्य किया गया। गोसपुरा, गदाईपुरा, चार शहर का नाका, हजीरा, बहोडापुर, मुरार, ठाठीपुर, दीनदयाल नगर, समाधिया कॉलोनी, महाराज बाडा सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

### जनकल्याण अधिकारी ने श्रीमती वर्षा को प्रदान किया उभयलिंगी प्रमाण पत्र

**उभयलिंगी व्यक्ति राशन पर्ची के लिए जमा करें दस्तावेज**

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के जनकल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गुरुवार को श्रीमती वर्षा को कलेक्टर ग्वालियर द्वारा हस्ताक्षरित शहर का पहला उभय लिंगी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी जनकल्याण विभाग श्रीमती पूर्वी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उभयलिंगी व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 नियम 2020 के प्रावधानों के तहत उभयलिंगी व्यक्तियों को राशन पर्ची जारी की जाना है, इस हेतु समस्त उभयलिंगी (किन्नर) निर्धारित आवेदन पत्र में जानकारी भरकर संलग्न दस्तावेजों जिसमें नाम, उपनाम, जन्म दिनांक, शिक्षा, निवास, आय का स्रोत, मेडिकल इतिहास, आदि जानकारी सहित संबंधित दस्तावेज संलग्न कर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करें जिससे राशनमित्र पोर्टल पर सत्यापन की कार्यवाही की जाकर राशन पर्ची जारी कराई जा सकें। इसके साथ ही उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा सके।

### नशा मुक्त अभियान के तहत निगम के वाहन चालकों कों दिलाई नशा छोडने की शपथ

ग्वालियर। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निगम के वाहन चालकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी वाहन चालकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम एवं उन्हें नशा छोड़ने के लिए मेडिकल सुविधा के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्कशॉप नोडल अधिकारी श्री शैलेंद्र सक्सेना, नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। नवजीवन आउटरीच सेंटर द्वारा नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत आज नगर निगम ग्वालियर के बस स्टैंड डिपो कार्यशाला पर निगम के वाहन चालकों को नशे से दूर रहने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाहन चालकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों एवं उन्हें नशा छो?ने के लिए मेडिकल सुविधा के संबंध में भी अवगत कराया गया।

### सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, अमानक पॉलीथिन जप्त कर किया चालान

ग्वालियर। शहर में साफ सफाई व पालीथिन के प्रतिबंध को लेकर निगम के अमले द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत आज गुरुवार को शिन्दे की छावनी पर सब्जी वालों व अन्य ठेले वालों के यहां औचक निरीक्षण कर पॉलीथिन जप्त कर जुर्माना लगाया गया तथा पुनः पॉलीथिन का उपयोग न करने की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही गंदगी पाए जाने पर भी सफाई कराकर जुर्माने की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में निगम के अमले द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था एवं अमानक पॉलीथिन के उपयोग को लेकर मॉनिटरिंग कर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत आज क्षेत्र क्रमांक 7 के तहत वार्ड क्रमांक 33 में मेन रोड शिन्दे की छावनी पर पन्नी जप्त कर चालानी कार्रवाई की गई।

### गोले का मंदिर रोड से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के मदाखलत अमले द्वारा आज गुरुवार को गोला का मंदिर रोड के दोनों ओर फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर यातायात सुगम किया गया तथा सभी संबंधितों को पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में निगम के मदाखलत अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने, सुगम यातायात एवं शहर सौंदर्यीकरण को लेकर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत आज गोला का मंदिर रोड के किनारे फुटपाथ पर अवैध रुप से रखी हुई गुमठियों व लकडी के टेबल व टट्टर आदि को लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

# देश भक्ति के जज्बे के साथ निकली बीएसएफ के आरक्षकों की भव्य एवं आकर्षक दीक्षांत परेड



### बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में आयोजित हुई दीक्षांत परेड में 825 नव आरक्षक शामिल हुए

ग्वालियर। अनुशासित कदम, स्वाभिमान से ऊँचा मस्तक, अदम्य साहस से भरा सीना और देश भक्ति के जज्बे से ओतप्रोत जब आकर्षक दीक्षांत परेड आगे ब?ी तो सभी रोमांचित हो गए। मौका था गुरूवार को सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के वीरांगना लक्ष्मीबाई परेड स्थल पर आयोजित हुए सीमा सुरक्षा बल के प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षकों के भव्य दीक्षांत समारोह का । दीक्षांत परेड में नव आरक्षकों के बैच ङ्क 152, 153, 154 एवं 155 सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में प्रशिक्षण लेकर तैयार हुए 825 नव आरक्षक शामिल हुए।

दीक्षांत परेड का आयोजन सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के निदेशक श्री पंकज गूमर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उनकी अगवानी विशिष्ट सेवा मैडल महानिरीक्षक व संयुक्त निदेशक सीमा सुरक्षा बल अकादमी श्री जितेन्द्र ओबेरॉय ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षित नव आरक्षकों को देश की एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता बनाए रखने के लिये अपने आप को समर्पित करने की शपथ दिलाई।

सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के निदेशक श्री पंकज गूमर ने दीक्षांत परेड में शामिल सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी। साथ ही कहा कि आप सबने दीक्षांत परेड में यह साबित किया है कि आप अपनी लगन, मेहनत, समर्पण एवं कठिन परिश्रम की बदौलत सीमा सुरक्षा बल का नाम रोशन करेंगे। श्री गूमर ने इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के गौरवान्वित माता-पिताओं को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सबकी प्रेरणा व त्याग की बदौलत ही आपके बेटे इस मुकाम पर पहुँचे हैं।

आकर्षक दीक्षांत परेड में नव आरक्षकों का प्रदर्शन, टर्न आउट और जोश देखते ही बन रहा था। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में 44 सप्ताह का कठिन बुनियादी प्रशिक्षण लेकर ये सभी 825 नव आरक्षक देश की सीमा की रक्षा के लिये तैयार हुए हैं। सीमा सुरक्षा बल के योग्य अनुदेशकों ने इन्हें सामान्य नागरिक से कुशल व प्रशिक्षित सीमा प्रहरी के रूप में तैयार किया है। दीक्षांत समारोह में सीमा सुरक्षा बल अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी, जवान, प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षकों के माता-पिता एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को मैडल व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्री पंकज गूमर ने विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण में श्रेष्ठ रहे नव आरक्षकों को इस अवसर पर मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ऑलराउण्ड प्रशिक्षण प्रथम पुरस्कार नव आरक्षक श्री राहुल कुमार सिंह, ऑलराउण्ड द्वितीय श्री राकेश कुमार, फायरिंग में सर्वोत्तम श्री संदीप उराँव, शारीरिक दक्षता में प्रथम श्री अनुपम डंग व ड्रिल में सर्वोत्तम पुरस्कार श्री विशाल प्रसाद को प्रदान किया गया।

### कानून की जानकारी देने के साथ-साथ श्रमिकों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक साक्षरता शिविर आयोजित**

ग्वालियर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग के सहयोग से गुरूवार को श्रमिको एवं उनके परिवार के सदस्यो के लिए बुलबुल का पुरा, घासमण्डी ग्वालियर स्थित सरोज विद्यालय में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रेमनारायण सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुए इस शिविर में 300 से अधिक श्रमिकों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही निःशुल्क दवायें भी वितरित की गईं। इस अवसर पर पात्र श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड एवं श्रमिक कार्ड बनाए गए। साथ ही विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री गालिब रसूल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर उन्होंने 10 श्रमिकों को श्रमिक कार्ड भी वितरित किए।

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ग्वालियर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही



### ग्वालियर पुलिस ने एक तस्कर के पास से 20 किलोग्राम गांजा कीमती 02 लाख रूपये का किया बरामद

### प्लास्टिक की बोरी में भरकर विशाखापट्टनम से ग्वालियर गांजा बैचने के लिये लाया था

### ट्रेन से उतरकर इन्दरगंज क्षेत्र में स्थानीय खरीदार की कर रहा था तलाश

ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 05.05.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाला एक तस्कर हाथ में प्लास्टिक की बोरी लिये हुए गांजा बैचने की फिराक में इन्दरगंज क्षेत्र में मोती तबेला के पास देखा गया है। सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को *अति. पुलिस अधीक्षक(दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे* से समन्वय स्थापित कर थाना इन्दरगंज की पुलिस टीम को सूचना की तस्दीक कर गांजा तस्कर को पकड़ने हेतु निर्देश किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सीएसपी इन्दरगंज श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इन्दरगंज निरी. अनिल सिंह भदौरिया द्वारा थाना इन्दरगंज पुलिस टीम को मुखबिर के बताये गये हुलिया के तस्कर की तलाश हेतु लगाया गया। पुलिस टीम को मोती तबेला, नदी गेट रोड के पास गली में एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में सफेद प्लास्टिक की भरी हुई बोरी लिये हुए खड़ा दिखा, पुलिस टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध को धरदबोचा, पूछताछ करने पर उसने अपने आप को कुरूक्षेत्र(हरियाणा) का रहने वाला बताया। संदिग्ध व्यक्ति के पास मिली बोरी की तलाशी लेने पर उसमें दो पैकेट मिले, जिनमें गांजा भरा हुआ था, तौल करने पर दोनों पैकेटों का बजन क्रमशः 10-10 किलो पाया गया। जप्त किये गये गांजे का कुल बजन 20 किलो अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख रूपये का गिरफ्तार किये गये आरोपी से विधिवत जप्त किया गया। थाना इन्दरगंज में पकड़े गये आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवचेना में लिया गया है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478